श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 225, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 14 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# उज्ज्वला: 75 लाख नए कनेक्शन दिए जाएंगे

**अगले 3 वर्षों में ये एलपीजी कनेक्शन उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिलेंगे, ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के फेज-3 को मंजूरी मिली, इसे लगभग 7,210 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा**






**नई दिल्ली**

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने के लिए प्रस्ताव पारित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की ओर से पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पीएम के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली घोषणापत्र में आम सहमति लाना भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी देश एक मंच पर एक स्वर में बात कर रहे हैं। ऐसे में हमने आज उन्हें बधाई देने के लिए एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है।

ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना के तीसरे चरण का मकसदः इसका मकसद ऑनलाइन और पेपरलेस अदालतों की स्थापना करना है। इससे न्यायिक प्रणाली और अधिक पारदर्शी हो जाएगी। कागज रहित अदालतों के लिए ई-फाइलिंग और ई-भुगतान प्रणाली को सार्वभौमिक बनाया जाएगा। डेटा संग्रहीत करने के लिए क्लाउड स्टोरेज बनाया जाएगा। सभी अदालत परिसरों में 4,400 ई-सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी

केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। केंद्र की इस परियोजना में अगले 4 सालों तक 7210 करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के दृष्टिकोण के अनुरूप ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना का मकसद प्रौद्योगिकी का उपयोग कर न्याय तक पहुंच में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना में केस के रिकॉर्ड की स्कैनिंग, डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, नए स्थापित न्यायालय में बुनियादी ढांचा, 1150 वर्चुअल कोर्ट की स्थापना, 4400 ई-सेवा केंद्र, पेपरलेस कोर्ट, एप्लीकेशन सिस्टम और सॉफ्टवेयर का विकास, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई-फाइलिंग जैसे कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

## इंडिया की पहली रैली अक्टूबर में भोपाल में



**नई दिल्ली**

**राजधानी दिल्ली में** बुधवार (13 सितंबर) को शरद पवार के आवास पर विपक्षी गठबंधन इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक हुई। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हमने देश के अलग-अलग राज्यों में रैलियां करने का फैसला लिया है। पहली रैली अक्टूबर के पहले हफ्ते में भोपाल में होगी। जिसमें मोदी सरकार में बढ़ रही बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात होगी। सभी दल जाति-जनगणना का मुद्दा उठाने पर भी सहमत हुए हैं। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सीट शेयरिंग पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। सभी पार्टियां मिलकर इस बारे में जल्द से जल्द फैसला करेंगी। उन्होंने बताया कि बैठक में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी शामिल नहीं हो पाए क्योंकि उन्हें ईडी ने समन किया था। मीटिंग खत्म होने के बाद कांग्रेस ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा- हमने साथ मिलकर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया है, हम इसे जरूर पूरा करेंगे। जुड़ेगा भारत, जीतेगा क.ठ.ऊ.क.अ। कुछ ही देर में इंडिया कोऑर्डिनेशन कमेटी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी।

मीटिंग में नेताओं ने जल्द सीट बंटवारे का फामूर्ला मांगा है।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस बनाएगी सरकार : सुरजेवाला

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस के व**रिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने जा रही है। वहां हमारी विजय पक्की है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अभी दिल्ली में दूसरे दिन भी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक चल रही है। यहां मध्य प्रदेश के हर विधानसभा सीट को लेकर चर्चा हो रही है। अभी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक जारी रहेगी। हम सभी सीटों पर टिकट के दावेदारों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। अभी किसी का टिकट फाइनल नहीं किया जा रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि इतना तो तय है कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की बौखलाहट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते कुछ दिनों में अनेक योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर चुके हैं । लेकिन मध्य प्रदेश की जनता ने भाजपा को नकारने का मन बना लिया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर 15 जीआरजी स्थित कांग्रेस वॉर रूम में मंगलवार से ही मंथन जारी है।

## गुजरात में पुलिस मुठभेड़ों की जांच पर सुप्रीम कोर्ट एक हफ्ते बाद करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने गुजरात में 2002 से 2006 में हुए 16 पुलिस मुठभेड़ों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। आज गुजरात सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई टालने की मांग करते हुए कहा कि वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी स्वास्थ्य कारणों से उपलब्ध नहीं है। उसके बाद जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर अगले सप्ताह सुनवाई करने का आदेश दिया।

## मीडिया ट्रायल को लेकर गाइडलाइन बनाए केंद्र सरकारः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने बुधवार को मीडिया ट्रायल को लेकर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 3 महीने के अंदर मीडिया ब्रीफिंग पर गाइडलाइन बनाने को कहा है। इसके साथ ही सभी राज्यों के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस को भी एक महीने के भीतर इस मामले में गृह मंत्रालय को सुझाव देने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि केंद्र जल्द ही पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग के संबंध में गाइडलाइन करेगी।

मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा हैः सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है। इसलिए पुलिस में संवेदनशीलता लाना जरूरी है। किसी भी मामले में पुलिस को कितना खुलासा करना चाहिए, ये तय करने की जरूरत है। इसमें पीड़ितों और आरोपी का हित शामिल है। साथ ही जनता का हित भी शामिल है।

हमें आरोपी के अधिकारों का भी ध्यान रखना हैः चीफ जस्टिस ने कहा कि किसी भी मामले में जांच के दौरान अहम सबूतों का खुलासा होने पर जांच प्रभावित हो सकती है। हमें आरोपी के अधिकार का भी ध्यान रखना है, क्योंकि वह भी पुलिस की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का हकदार है। ऐसे में अगर आरोपी का मीडिया ट्रायल होता है तो जांच निष्पक्ष नहीं रह जाती।

मीडिया ट्रायल से पीड़ित की गोपनीयता का उल्लंघन होताः सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि मीडिया ट्रायल से किसी पीड़ित या शिकायतकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन होता है।

## पंजाबः सरकारी स्कूल के बच्चे अब पढ़ेंगे एआई



**अमृतसर**

**आम आदमी** पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सीएम भगवंत मान के साथ मिलकर अमृतसर में स्कूल ऑफ एमिनेंस का उद्घाटन किया। छेहर्टा एमिनेंस स्कूल का दौरा करने के बाद वह रणजीत एवेन्यू रैली स्थल पर पहुंचे। जहां पंजाब में शिक्षा की क्रांति की घोषणा की गई। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की कि अब पंजाब के सरकारी स्कूलों के बच्चे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा भी हासिल करेंगे। वहीं दिसंबर तक पंजाब का हर स्कूल हाईस्पीड इंटरनेट व वाईफाई के साथ कनेक्ट होगा।

नेता चुनाव से डरते हैंः अरविंद केजरीवाल ने स्कूल ऑफ एमिनेंस की शुरूआत करने पर सीएम भगवंत मान को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने लोगों से वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन ना करने की अपील भी की है। केजरीवाल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन, कभी मत होने देना। ये देश को बर्बाद कर देंगे। नेता चुनाव से डरते हैं, यह चुनाव खत्म करना चाहते हैं। नेता वोट मांगने आता तो चार काम करके जाता है। वन नेशन वन इलेक्शन, साढ़े चार साल दुनिया घूमेंगे और 6 महीने शकल दिखाने आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल ऑफ एमिनेंस पंजाब के प्राइवेट स्कूलों से बहुत अच्छा है। आज से पंजाब में सब बदल जाएगा। पेरेंट्स पंजाब में प्राइवेट स्कूल से बच्चों को निकाल इस स्कूल में भेजेंगे। यहां ऑडिटोरियम, जिम, खेल, लाइब्रेरी, लैब सब है। सबसे बड़ी बात, किसी भी सरकारी स्कूल को उठा कर देख लो, कोई भी सरकारी टीचर अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ाता, लेकिन आज जिस सरकारी स्कूल का उद्घाटन करके आए हैं, जिसमें टीचर्स ने कहा, पहले हमारे बच्चे प्राइवेट में पढ़ते थे।

## राम जन्मभूमि की खुदाई में मिले अवशेष की फोटो जारी



**अयोध्या**

**श्रीराम** जन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेषों की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें कई मूर्तियां और पिलर दिख रहे हैं। ये 21 साल पहले यानी 2002 में एएसआई टीम को खुदाई के दौरान मिले थे। अवशेषों की संख्या करीब 50 है। इनमें 8 टूटे खंभे, 6 खंडित मूर्तियां, 5-6 मिट्टी के बर्तन और 6-7 कलश हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने यह तस्वीर जारी की है। साधु-संतों ने दावा किया है कि ये अवशेष 500 साल पुराने हैं। ये 21 साल पहले रामलला मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर खुदाई में मिले थे। जहां मिले हैं, वह विवादित स्थल पहले राम मंदिर था। अंग्रेजों के जमाने में इसके ऊपर अन्य धार्मिक ढांचा खड़ा कर दिया गया। बाद में मामला कोर्ट पहुंचा। अरक सर्वे हुआ, तो उस विवादित जगह से मंदिरों के यही अवशेष मिले, जो राम जन्मभूमि के सच साबित करने वाले मजबूत आधार बने। ये अवशेष 21 साल पहले रामलला मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर खुदाई में मिले थे। इस समय इन्हें अस्थायी मंदिर के निकास गेट पर गैलरी में रखा गया है।

ये अवशेष 21 साल पहले रामलला मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर खुदाई में मिले थे। इस समय इन्हें अस्थायी मंदिर के निकास गेट पर गैलरी में रखा गया है।

रामलला के दर्शन के बाद निकलने पर गैलरी में दिखेंगे ये अवशेषः अवशेषों में काली कसौटी के पत्थर से बने पिलर यानी खंभे, पिंक सैंड स्टोन की बनी देवताओं की मूर्तियां, मिट्टी के कलश और मंदिर में लगे नक्काशीदार पत्थरों के टुकड़े शामिल हैं।

## संघ की समन्वय बैठक पुणे में गुरुवार से, स्वदेशी, समरसता समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**पुणे**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक पुणे में गुरुवार (14 सितंबर) से शुरू हो रही है। तीन दिवसीय इस बैठक में 36 संगठनों के 266 प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। पर्यावरण पूरक जीवनशैली, जीवन मूल्य आधारित परिवार व्यवस्था, समरसता का आग्रह, स्वदेशी का आचरण और नागरी कर्तव्यों का वहन इन पांच मुद्दों पर बैठक में चर्चा की जाएगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बुधवार को पुणे में पत्रकार वार्ता में बताया कि बैठक में सम्मिलित होने वाले सभी संगठन संघ से प्रेरित हैं, समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वायत्त रूप से काम करते हैं। इन संगठनों की वर्ष में एक बार बैठक होती है। अपने कार्यों व अनुभवों को साझा करते हैं और इस अवसर पर एक दूसरे से सीखने और समझने का अवसर मिलता है। ये सभी संगठन समान उद्देश्य और लक्ष्य लेकर कार्य करते हैं।

## शोधकर्ता संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित करने और नष्ट करने वाली रणनीतियों को बेअसर करें: उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने आईसीडब्ल्यूए के अनुसंधान विद्वानों से "भारत के बारे में समय-समय पर फैलाई जाने वाली खतरनाक, भयावह कहानियों" का मुकाबला करने में सबसे आगे रहने का आग्रह किया। ऐसे आख्यानों के गहन विश्लेषण में संलग्न होने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, "केवल हमारे संवैधानिक संस्थानों को कलंकित करने, धूमिल करने, अपमानित करने और नष्ट करने के लिए बनाई गई ऐसी रणनीति को बेअसर करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।" आज सप्रू हाउस में विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के अनुसंधान संकाय को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका के लिए व्यापक सराहना और हाल ही में संपन्न जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की सफलता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, भारत का जी-20 की अध्यक्षता एक बड़ी उपलब्धि थी। इसने वैश्विक सहमति उत्पन्न की। एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरते हुए भारत की सभी पक्षों में वैध, उचित मान्यता थी।

**एयर चीफ स्पेन में उड़ाएंगे यह विमान, 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर आएगा**

## फ्रांस ने दिया पहला सी-295 परिवहन विमान




**नई दिल्ली**

**भारतीय** वायु सेना के लिए स्पेन में तैयार किया गया पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान बुधवार को मिल गया। एयरबस कंपनी ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के सेविले में सी-295 विमान की चाबी सौंपी। एयर चीफ आज स्पेन में खुद यह विमान उड़ाएंगे। यह विमान 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर एक समारोह में आधिकारिक तौर पर भारत के हवाई बेड़े में शामिल किया जाएगा। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ पिछले साल 24 सितंबर को 56 सी-295 सैन्य परिवहन विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। इसी सौदे के तहत यह पहला विमान स्पेन में ही तैयार किया है। भारत को पहला विमान मिलने के साथ ही अन्य 15 विमानों के 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति होने का रास्ता साफ हो गया है। समझौते के मुताबिक कंपनी को 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करना है, जबकि अन्य 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने पहला सैन्य परिवहन विमान तैयार करके 5 मई को तीन घंटे की उड़ान का परीक्षण स्पेन के सेविले में किया था। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने 08 सितंबर को भारतीय वायु सेना के लिए 56 ट्रांसपोर्ट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें निजी कंपनी गुजरात के वडोदरा में टाटा-एयरबस संयुक्त उद्यम में सैन्य परिवहन विमान का निर्माण करेगी।

## सनातन धर्म पर फिर से हो हमला इससे पहले पक्ष से बुलंद होने लगी आवाज

**नई दिल्ली**

**जिस तरह से** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए ने पहली बैठक के बाद सनातन धर्म पर हमला किया था, दूसरी बैठक में कुछ इसी तरह से दोबारा से सनातन धर्म पर हमला हो सकता है। इसके पहले कि आईएनडीआईए की ओर से हमला हो सनातन धर्मावलंबी सशंकित हो आवाज बुलंद करने लगे हैं। इसी कड़ी में भाजपा कार्यकर्ता बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश पुलिस के पास तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र दयानिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर टिप्पणी के खिलाफ मामला दर्ज कराने पहुंच गए।

भाजपा नेता राजकुमार चाहर ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि आईएनडीआईए ने पहले भी एक बैठक की है, लेकिन हमने देखा है कि बैठक के बाद 'सनातन धर्म' के खिलाफ टिप्पणियां कैसे आईं। उन्होंने अपना नाम इंडिया रखा है, लेकिन न तो वे इंडिया के लिए काम करते हैं और न ही भारत के लिए। वे एक असंगत गठबंधन हैं और आने वाले समय में टूट जाएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनाज पूनावाला ने एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आईएनडीआईए की असली प्रवृत्ति चुनावी लाभ के लिए हिंदू भावनाओं का शोषण करना है। इसी तरह से गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि हिंदुओं को आईएनडीआईए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में आयुष्मान भवःअभियान का हुआ शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढाने और महत्वपूर्ण

स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर मे राष्ट्रपति के आयुष्मान भवः अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर पंचायत सिरसा के चेयरमैन विपिन केशरी (लखन केशरी) महामहिम राष्ट्रपति के आयुष्मान भवः अभियान के सम्बन्ध मे अधीक्षक डॉ नीरज सिंह पटेल ने कहा कि अभियान के दौरान सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2अक्टूबर तक संचालित रहेगा इस दौरान निम्न गतिविधियो का आयोजन किया जाएगा। जिसमे आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान नगरीय वार्ड, के अभियान में स्वास्थ्य विभाग की महत्व पूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक आशीष द्रिवेदी के सफल संचालन में समस्त आशाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा अभियान के दौरान डॉ नीरज सिंह पटेल नहीं बताया कि समस्त हेल्थ सेंटर पीएचसी एवं सीएचसीके एस स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जाएगा स्वैच्छिक रक्तदान का बढ़ावा देने के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे अंगदान करने के लिए जन समुदाय को प्रोत्साहित किया जाएगा डॉ0 नीरज सिंह पटेल ने यह भी बताया कि आयुष्मान आयुष्मान आपके द्वारा के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छूट पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही साथ प्रत्येक शनिवार को हेल्थ वेलनेस केंद्र पर आयुष्मान मेला का आयोजन किया जाएगा के अतिरिक्त आगामी 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा इस दौरान प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोगियों के कल्याण के लिए भी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा अभियान का उद्देश्य समस्त जनमानस को स्वास्थ्य सेवाएं के प्रति सेवाओं के प्रति जागरूक करने एवं जन स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ पहुंचना है इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीएस वर्मा, एसटीएस अंकित पांडेय बीसीपीएम हरनित कौर के अलावा समस्त फार्मासिस्ट एवं स्टाफ नर्स एमआईएस ऑपरेटर सुषमा साहू आईडीएसपी ऑपरेटर शुभम सहित समस्त सीएससी के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सीएचसी मेजा में राष्ट्रपति के आयुष्मान भवः अभियान के सम्बोधन से वर्चुअल जुड़कर अभियान का हुआ शुभारम्भ

**मेजा।** केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनसमुदाय में जागरूकता बढाने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारम्भ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बीडीयो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुआ। राष्ट्रपति के आयुष्मान भवः अभियान के सम्बोधन से वर्चुअल जुड़कर सीएचसी मेजा के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रमुख प्रतिनिधि श्री मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार की विभिन्न क्षेत्रों में जो सोच है वह भारत को आत्मनिर्भर बनाने की एक पहल है।उन्होंने मोदी की सोच को एक भारत श्रेष्ठ भारत करने की बताया।स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजू राय ने बताया कि अभियान को पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा के रूप में 2 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होगा।आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा आयुष्मान ग्राम पंचायत, अभियान में स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस मौके पर समस्त स्टाफ रहा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में लोगों ने देखा आयुष्मान भवः उद्घाटन का वर्चुअल सीधा प्रसारण



सीएचसी अधीक्षका ने बताया कि आयुष्मान भव कार्यक्रम पांच घटकों में संचालित किया जायेगा

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में आयुष्मान भवः उद्धाटन का वर्चुअल सीधा प्रसारण महा महिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा किया गया। शासन द्वारा दिये गए निदेर्शों के क्रम में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभागार में आयोजित किया गया। सीएचसी जसरा अधीक्षिका डा०अंकिता पांडेय बताया कि आयुष्मान भव कार्यक्रम पांच घटकों में संचालित किया जाएगा।

1 सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर ) तक। 2 आयुष्मान आपके द्वार 3.0
3 आयुष्मान मेला ( प्रत्येक शनिवार एच डब्ल्यू सी ) पर
4 आयुष्मान सभा ( दो अक्टूबर) को
5 आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन अवार्ड।

# हापुड़ की घटना को लेकर मेजा के वकील दो दिनी हड़ताल पर



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को मेजा के अधिवक्ताओं ने दो दिवसीय हड़ताल कर काम काज ठप्प कराया और मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार मेजा नीलम उपाध्याय को सौंपा।इस मौके पर वकीलों का जन समूह पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए।गौरतलब है कि हापुड़ की घटना को लेकर बार कौंसिल के निर्देश पर प्रदेश भर में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन न्यायिक कार्य से विरत रहे।इसी कड़ी मेजा के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए विरोध प्रदर्शन दो दिन हड़ताल पर चले गए,जिससे तहसील का सारा काम काज ठप्प हो गया।इस मौके पर अध्यक्ष महेंद्र कुमार द्विवेदी,मंत्री चंद्रमणि शुक्ल, जटाशंकर शुक्ल, मनोज शुक्ला, नरेंद्र त्रिपाठी,कमलेश मिश्र, अखिलेश मिश्र, गोविंद मिश्र, ओंकार मिश्र,राजीव शुक्ला, भुवनेश्वर त्रिपाठी, अब्दुलहक अंसारी सहित भारी संख्या में वकील मौजूद रहे।



## करछना में वकीलों ने तहसील दफ्तर में ताला बंदी कर विरोध जताया

**करछना।** प्रयागराज बुधवार को तहसील करछना में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और तहसील परिसर में सभी सरकारी दफ्तरों में तालाबंदी की जिससे तहसील का पूरा कार्य प्रभावित रहा हापुड़ की घटना को लेकर पुलिस कर्मियों के ऊपर कोई कार्रवाई न किया किए जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला के नेतृत्व में तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने हड़ताल के साथ-साथ सरकारी कामकाज को भी प्रभावित किया उप निबंधक कार्यालय तहसीलदार कार्यालय एसडीएम कार्यालय लेखाकार दफ्तर आदि सभी कार्यालय में तालाबंदी कर विरोध जताया इस अवसर पर मुदित प्रताप सिंह अभिषेक सिंह ध्रुव राज सिंह पिंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में सैकड़ो अधिवक्ता शामिल है।

## नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन मेजा इकाई की बैठक मेजारोड में संपन्न



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के मेजारोड़ में राष्ट्रीय संयोजक एवं जिलाध्यक्ष के निर्देश पर रविवार को मेजारोड बाजार में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मेजा इकाई की बैठक का आयोजिन किया गया। जिसमें मंडल स्तर,जिला स्तर एवं मेजा तहसील इकाई के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। जिसकी अध्यक्षता मंडल महामंत्री सुशील पांडेय ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपना कार्य करे,किसी भी विषम परिस्थिति में संगठन उनके साथ रहेगा। संगठन के मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र त्रिपाठी ने पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील इकाई मेजा के महामंत्री राजेश गौड़ उर्फ बाबा चाइना ने कहा कि नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पत्रकार हितों कि हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है चाहे वह तहसील,जिला तथा प्रदेश स्तर का ही क्यों न हो,पत्रकार उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक की शुरूआत में मंडल एवं जिले तथा तहसील के सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार सहित 1 अक्तूबर को नैनी में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर संगठन के यमुनापार जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र, मेजा तहसील इकाई मेजा के महामंत्री राजेश गौड़ उर्फ बाबा चाइना, उपाध्यक्ष राम कैलाश विश्वकर्मा, मंत्री उमेश चंद्र सोनी, बुद्धसेन वर्मा, सदस्य शैलेश कुमार कुशवाहा, कमलेश मिश्र, गोपाल जी, धनंजय प्रजापति, सर्वेश दुबे, विनोद विश्वकर्मा, विकास कुमार गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### देशवासियों के लिए परम पवित्र है भारत की मिट्टीः योगेश शुक्ल

**मेजा।** हमारी मातृ भूमि भारत की मिट्टी का कड़ कड़ देश वासियों के लिए परम पवित्र हैं। भारत भूमि के लिए जन जन की उस भावना को साकार रूप देने के लिए ही केन्द्र सरकार और भाजपा ने मेरी माटी मेरा देश अभियान को संचालित किया है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने नीबी व नारी बारी तथा कौंधियारा के कुवा ग्राम मे घर घर मिट्टी संग्रह करने की दौरान कहीं उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के माध्यम से हम सब मिट्टी को नमन और वीरो का बंदन करते हैं। प्रयागराज जनपद वासियों का आह्वान करते हुए। श्री शुक्ल ने कहा कि आइए हम सब अपने गांव मोहल्ला तथा घर की पवित्र माटी को अमृत वाटिका तक पहुंचाए और राष्ट्रि तथा उपलब्धियों का जश्न मनाए। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि ये वहीं मिट्टी है जिसके लिए प्रभु श्री राम ने सोने की लंका को तोड़ कर अयोध्या लौटे थे। ये वहीं मिट्टी है जिसमे जन्म लेने के लिए देवता भी अपना अपना अवभाग्य समझते है। जिसकी रक्षा के लिए अब तक लाखों सुर वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है हमारी मातृ भूमि देश वासियों के लिए परम पवित्र है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम ऐतिहासिक रुप से सफल हो रही हैं। इसी क्रम में श्री शुक्ल ने सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं के साथ बुधवार को ही विकास खण्ड उरुवा के छतवा ग्राम पंचायत मे जा कर घर घर मिट्टी संग्रह किया और देश के प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने की अपील किया। इस मौके पर बंदना सिंह, अंजनी लाल ,शिव प्रसाद केशरी, कुलदीप पांडेय,राजेंद्र शुक्ल, आनंद पांडेय शक्ति केंद्र संयोजक,घनश्याम पांडेय,स्वतंत्र शुक्ल मंडल महामंत्री , रामू शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य सावित्री देवी, रजनीश ओझा, सुनील पांडेय, अरविन्द मिश्र, कंचन मिश्रा, संजय केशरी, उमा शंकर गांधी तथा भाजपा नेता योगेश शुक्ल के प्रतिनिधि विनय शुक्ला आदि के अलावा सैकड़ों अन्य भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## 40 साल से सड़क के लिए वंचित हैं नेदुला मटरू का पुरा गांव के निवासी

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र में एक ऐसा गांव है, जहां के लोग विगत 40 साल से चकरोड़ के लिए तरस रहे हैं, इस गांव का नाम मटरू का पुरा है जो कि शेरपुर नेदुला गांव का हिस्सा है। 40 साल पहले इस गांव में चकरोड़ था, जिसे लोगों ने धीरे- धीरे काटकर अपने खेतों में मिला लिया, जिसकी वजह से चकरोड़ गायब हो गया मजे की बात यह है कि इस गांव के लिए जौनपुर जिले के तहत आने वाले गोपालापुर से भी चकरोड़ था, इसके अलावा नक्शे में पक्की सड़क भी है, जो अब तक सिर्फ नक्शे की शोभा ही बढ़ा रही है। उक्त गांव को चकरोड से जोड़ने के लिए कुछ लोगों ने अपनी जमीन को नापने के लिए धारा 24 के तहत हंडिया तहसील में गुहार भी लगाई थी, लेकिन उनके खेतों की नाप नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से चकरोड़ लटका हुआ है।हालत यह कि किसी भी आपदा की स्थिति में मटरू का पुरा में एम्बुलेंस और अग्निशमन की गाड़ी नहीं पहुँच सकती है।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**



**जारी।** 67 वीं माध्यमिक विद्यालययी वॉलीबॉल प्रतियोगिता संभाग बारा शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर खेरहट खुर्द प्रयागराज में संपन्न हुई जिसमें कुल 6 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया । शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर खेरहट खुर्द प्रयागराज, राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़, ईश्वर दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा, रणजीत पंडित इंटर कॉलेज लोहिया, श्री हरिशंकर पांडे इंटर कॉलेज लालापुर, लालचंद इंटर कॉलेज जसरा, ने प्रतिभाग किया । सीनियर बालक वर्ग में विजेता श्री ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा, उपविजेता राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़, जूनियर बालक वर्ग में विजेता श्री ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा, उपविजेता शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर खेरहट खुर्द, सीनियर बालिका में विजेता राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़, उपविजेता शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर खेरहट खुर्द, जूनियर बालिका वर्ग में विजेता राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़, उपविजेता शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर खेरहट खुर्द रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्या श्रीमती सविता मिश्रा जवाहरलाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज जारी ने किया। और बच्चों को अपने उद्बोधन में कहा कि खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया जिसमें संयोजक प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह ने बच्चों को खेल भावना से खेलने के लिए आशीर्वाद दिया जिसमें अध्यापक कैलाश सिंह, मान सिंह, खेल शिक्षक वीरेंद्र कुशवाहा, अरविंद कुमार गौतम, राकेश श्रीवास्तव, चक्रधर द्विवेदी, गालिब अंसारी, सुरेंद्र कुमार, ओम राजन यादव, धर्मराज सिंह, वकील, श्रीमती चंचल कुमारी सोनकर, ओम प्रकाश सिंह, बृजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# हर महीने लाखों खर्च के बाद भी सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी

**अखंड भारत संदेश**

### विकास की ओर बढ़ते कदम को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया में कसा तंज, मुख्य मार्गों पर आवर पशुओं के जमावड़े से आवागमन रहता है बाधित



**कोरांव।** महीने लाखों खर्च के बाद भी सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़े से जहां आवागमन बाधित रहता है, वहीं किसान चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। गांव हो या सड़क या बाजार हर जगह झुंड में आवारा पशु घूमते देखे जा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी हैं कि शिकायत के बाद भी उनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। सरकार की ओर से कड़े निर्देश दिए गए हैं कि अगर सड़कों पर आवारा मवेशी घूमते दिखाई दिए तो संबंधित जिम्मेदार की खैर नहीं होगी। बावजूद इसके इस आदेश का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। गांवो से लेकर नगर तक के सड़कों पर दिन और रात आवारा मवेशी घूम रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के विकास की ओर बढ़ते कदम की एक झलक कोरांव बाजार सड़कों पर देखी जा सकती है सोशल मीडिया पर लोग सरकार के विकास को लेकर जहां तंज करते देखे जा रहे हैं। वहीं अधिकारीयों पर हजारों करोड़ों निगलने व जिम्मेदारो पर गौशालाओं का भूसा खा जाने के बाद भी निराश्रित और बेसहारा गोवंश सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। आदि प्रकार के पोस्टर सोशल मीडिया पर डालकर सरकार के विकास की चर्चा करते देखे जा रहे हैं। पूरे विधान सभा कोरांव के गांवों में बेसहारा पशुओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जिनका सड़कों पर प्रवास के कारण यातायात प्रभावित है और दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है।

फसलों को भी बेसहारा गोवंश नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन जिम्मेदार मौन बने हुए हैं। किसान पूरे दिन व रात अपने खेतों की रखवाली कर रहा है। रात को किसान अपने घरों के बजाय खेतों की मेड़ों पर बिता रहा है। इन विषम परिस्थितियों पर न तो सरकार और न ही जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट हो रहा है। जिससे क्षेत्रीय किसानों व नागरिकों में रोष व्याप्त है।

## अक्षत और मिट्टी संकलित कर सांसद ने बढ़ाया कार्यकताओं का हौसला



**बारा।** सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने संसदीय क्षेत्र के बारा विधानसभा में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संकल्पित कार्यक्रम मेरी माटी-मेरा देश का शुभारंभ करने के पश्चात सांसद ने ग्राम लोटाढ़, रैपुरा एवं खूजी में चावल के रूप में अक्षत, मिट्टी का संकलन किया और पंच प्रण की प्रतीज्ञा दिलाई। सांसद ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि आजादी का अमृतकाल एक ऐसा अवसर है, जिसमें भारतवासियों को संकल्प लेना चाहिए कि वे राष्ट्रीयता के भाव में ओतप्रोत होकर उपनिवेशवादी चिन्हों से मुक्ति प्राप्त करेंगे और अपनी संस्कृति में गौरव महसूस करते हुए भारतीय सांस्कृतिक विरासत और आधुनिकता में ऐसा तालमेल बैठाएंगे कि 2047 तक भारत विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त कर सकें। सांसद प्रो. जोशी ने कहा कि 15 सितंबर से सभी ग्रामों से एकत्रित मिट्टी से भरे कलश ब्लाक मुख्यालय पर एकत्रित किए जाएंगे। तदोपरांत माटी को एक कलश में स्थानांतरित कर जिला स्तर पर और फिर प्रदेश की राजधानी में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा को सौंपा जाएगा। प्रदेश के समस्त जिलों की माटी एक बड़े कलश में एकत्रित कर दिल्ली ले जाई जाएगी। वहां अमृतवन में देशभर से आई छह लाख से अधिक गांवों की माटी मिट्टी से 75000 वृक्षों का रोपण किया जाएगा।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय,मंडल अध्यक्ष अंजनीलाल के साथ ग्राम रैपुरा की प्रधान उर्मिला देवी, श्याम बाबू प्रजापति, आशुतोष त्रिपाठी, सज्जन देव, राम कैलाश, बबुआन मिश्र, दिनेश तिवारी, लोटार प्रधान अलीमा, सुजीत द्विवेदी, ग्राम खुजी के प्रधान आशीष पाल, लालजी पाल, पप्पू द्विवेदी, कमलेश मिश्र, शिव प्रसाद केसरवानी आदि सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### सर्वेश्वर महादेव मंदिर नागरिक इंटर एवं पीजी कॉलेज का सौंदर्यीकरण




**जंघई।** नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज परिसर मे स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में युवाओं एवं समाजसेवी लोगों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया एवं मंदिर के अंदर महादेव का पूजन अर्चन सुंदर काण्ड किया गया। मंदिर में दान दाताओं द्वारा यथाशक्ति सहयोग भी किया गया जिसमें पीतल का घंटा पंडित उमेश शुक्ला बभनियांव, श्रीराम दरबार की फोटो एवं पंखा मंगला प्रसाद तिवारी संस्थापक मदद फाउंडेशन, दीवाल घड़ी अनुभव तिवारी शक्ति बिल्डिंग मैटेरियल्स नीभापुर, लाइट बोर्ड अरविंद चौसरिया बनारसी पान भंडार जंघई, 1001 कृष्णराज शुक्ला लिपिक नागरिक पीजी कालेज जंघई, 501 भोगीपुर संदीप तिवारी कोषाध्यक्ष जन कल्याण सेवा संघ, 251 भोजपुर निवासी पंडित संदीप पांडेय, 151 रुपए की गुप्त सहयोग राशि प्राप्त हुआ है। प्रमुख सहयोगियों में मुन्ना सिंह बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई, योगेश सिंह कोटेदार, विजय मिश्रा ठेकेदार, संदेश मिश्रा आदि लोग मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे।यह समस्त जानकारी समाजसेवी रोहित तिवारी ब्राह्मण अध्यक्ष जन कल्याण सेवा संघ द्वारा दिया गया है।

### छट्ठी पर भव्य भंडारे का आयोजन संपन्न



**जारी।** दिन सोमवार को जारी पुलिस चौकी परिसर में भगवान के जन्मोत्सव के बाद छट्ठी पर भंडारे का भव्य आयोजन किया गया और आपको बता दे कि जारी चौकी मे सांस्कृतिक जागरण कृष्ण लीलाओं का मंचन की झांकियों को दिखाया गया ।कार्यक्रम का आयोजन देर रात्रि तक चला इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण के भेष में कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्या महिलाएं क्या बच्चे सभी लोगों ने भक्ति गानों में खूब थिरके और मंदिर परिसर में खूब लुफ्त उठाएं जैसे ही जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव ने अपने समस्त स्टाफ के साथ भंडारे के आयोजन पर सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण वासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें जारी कस्बे के ज्यादातर लोग भंडारे में शामिल हुए। तो वही कौंधियारा थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी के साथ चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार यादव ने पूजा अर्चना मंदिर परिसर में की और सभी जनों को प्रसाद वितरण कराएं ।उन्होंने कहा कि हमारे चौकी के समस्त स्टाफ व गणमान्य लोगों द्वारा यह आयोजन हम सब मिलकर संपन्न कर पाए ।

### अमृत कलश यात्रा से जन जन में बढ़ेगी देश भक्ति : अवनीश



**मेजा।** बुधवार को ग्राम पंचायत मदरहा के प्रतिनिधि अवनीश मिश्रा ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्वयं की ग्राम पंचायत में घर घर मिट्टी संग्रह किया मेरी माटी मेरा देश अभियान के लिए हर एक घर के आंगन और दरवाजे की मिट्टी लेते हुए उन्होंने कहा कि यह मिट्टी अमृत वाटिका देश के शहीदों की स्मृति में लगाई जायेगी प्रधान प्रतिनिधि अवनीश मिश्रा ने कहा कि इस अभियान से प्रत्येक देश वासी एकता के सूत्र में बंधगे और उनके अन्दर देश भक्ति की भावना जागृत होगी। श्री मिश्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चलने वाला मेरी माटी मेरा देश अभियान पूर्ण रूप से सफल हो रहा हैं। इस मौके पर शक्ति केन्द्र सयोजक प्रदीप तिवारी, हरी मोहन मिश्रा, राज नारायण मिश्रा, विनय शुक्ला, कमल मिश्रा, उमेश मिश्रा, शुभेंद्र शुक्ला तथा सिंटू मिश्रा अलावा कई अन्य भाजपा के कार्यकर्त्ता मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### शिक्षक विधायक डॉ0 बाबूलाल तिवारी का एक दिवसीय दौरा 18 को



**मेजा।** आगामी 18सितम्बर को शिक्षक विधायक डॉ0 बाबूलाल तिवारी यमुनापार के मेजा तथा कोरांव स्थित विद्यालयों का एक दिवसीय दौरा करेंगे इस दौरान वें शिक्षकों की समस्याओं से भी रूबरू होगें उक्त आशय की जानकारी विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने देते हुए बताया कि शिक्षक विधायक अपने एक दिवसीय दौरे में मेजा तथा कोरांव के विद्यालयों स्वामी अड़गड़ानंद इंटर कॉलेज मेजा रोड,श्रीमती श्याम काली इंटर कॉलेज मेजा रोड,राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज लखनपुर,मेजा पब्लिक स्कूल बिसहिजन,बिहारी लाल इंटर कॉलेज जगेपुर,सी0एल0 इंटर कॉलेज कोटहा ,कमल गोइंदी बालिका इंटर कॉलेज पसना,लक्ष्मी नारायण पाल इंटर कॉलेज मैलहा,कृषक शांति निकेतन इंटर कॉलेज बड़ोखर, के0बी0 सिंह इंटर कॉलेज मानपुर,मां पार्वती देवी कॉलेज बड़ोखर,लोकमणि इंटर कॉलेज भोगन,रामचरण इंटर कॉलेज कैथवल तथा परमानंद इंटर कॉलेज खीरी इत्यादि मे विद्यालयों जनसंपर्क कर विद्यालयो की शिक्षको की समस्याओं को सुनेगे और उसका समाधान भी करेगे। इस दौरान खीरी के परमानंद इंटर कालेज में विधायक डॉ0 बाबूलाल तिवारी का स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा।

## अटल आवासीय विद्यालय बेलहट का राज्य श्रम मंत्री ने किया निरीक्षण



**कोरांव।** प्रदेश के श्रम राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल जी उर्फ मन्नू कोरी ने कोरांव ब्लॉक के बेलहट में नवनिर्मित अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। संबंधित श्रम विभाग के अधिकारियों एवं निर्माणकार्यदायी संस्था लोकनिर्माण विभाग को अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने तथा समुचित रूप से विभागीय गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय का संचालन करने का आदेश दिया। श्रम राज्य मंत्री ने श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस प्रयागराज से चल कर विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हुए उक्त विद्यालय पर पहुंचे। उन्होंने प्रधानाचार्य को प्रवेश ले चुके छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए हिदायत भी दी और बच्चों के सुरक्षा और उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की कोताही न किये जाने की बात कही। श्रम राज्य मंत्री ने विद्यालय के अंदर पठन-पाठन हॉस्टल की सुविधाओं एवं खान-पान आदि का जायजा भी लिया। उन्होंने जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मंत्री के आगमन पर तहसील कोरांव के नायब तहसीलदार विनोद कुमार सिंह विभागीय कर्मचारी तथा थानाध्यक्ष विनोद कुमार पुलिस प्रशासन के साथ मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए पूर्व विधायक उज्जवल रमण



**करछना** के भडेवरा गांव निवासी रहे सेवा निवृत्त शिक्षक कमलेश प्रसाद ओझा का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया था। बुधवार को भडेवरा गांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कुंवर उज्जवल रमण सिंह उपस्थित रहे । और विशिष्ट अतिथि ज्ञान सिंह पटेल मौजूद रहे। लोगों की ओर से उनके छायाचित पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । और मुख्य अतिथि की ओर से कहा गया कि कमलेश प्रसाद ओझा एक शिक्षाविद् के साथ यमुना पार के जाने-माने प्रख्यात ज्योतिष विद् रहे । जिसकी भरपाई असंभव है । इस मौके पर विनय कुमार कुशवाहा रवीशचंद्र तिवारी नागेंद्र शर्मा आलोक पांडेय अभिषेक गौतम भूपेंद्र शर्मा कौशलेंद्र पांडेय विमल कुमार शर्मा भंजन शर्मा सर्वेश मिश्र पंकज पांडेय जनार्दन प्रसाद पांडेय आदि रहे।

# बहन की कनपटी में गोली मारकर उतारा मौत के घाट

## घटना को अंजाम देने के बाद तमंचा लेकर थाने पहुंच गया अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जनपद के एयरपोर्ट क्षेत्र के खुर्द गांव में बुधवार की दोपहर एक सनसनीखेज वारदात हुई। एक सगे भाई ने अपनी बहन की कनपटी में तमंचे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वह तमंचा लेकर थाने पहुंच गया और उसने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया। घटना की वजह युवती द्वारा अपनी भाभी के भतीजे से गुपचुप तरीके से शादी कर लेना बताया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने कानूनी औपचारिकता पूरी की।

जानकारी के मुताबिक असरावे खुर्द गांव निवासी श्रीश्याम सीओडी में नौकरी करते हैं। बुधवार को वह ड्यूटी पर गए हुए थे। पत्नी नीलम देवी और छोटा बेटा अनुज खेत गया था। जबकि बड़ा बेटा अंकित दूध लेकर कहीं चला गया था। घर पर दूसरे नंबर का बेटा आशीष और 18 वर्षीय बेटी शिवानी थी। बताते हैं कि शिवानी का बड़े भाई की पत्नी यानी भाभी के भतीजे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लगभग सप्ताह भर पहले दोनों घर से भाग निकले थे। इसी दौरान किसी मंदिर में शादी कर ली थी। दो दिन पहले घर वाले युवती को बरामद करके घर लाए थे। उसके बाद भी वह मांग में सिंदूर लगाना बंद नहीं किया, जबकि घर वाले उसे मना करते रहे। इसी बात को लेकर परिजन उससे नाराज थे। बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे आशीष ने तमंचा से कनपटी पर गोली मारकर बहन की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह थाने पहुंचा तो पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### नहर में एक युवक की लाश मिलने से मचा हड़कंप

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के छात बरौड़ा गांव स्थित नहर में एक 34 वर्षीय युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से लाश को नहर से बाहर निकाला गया।यूवक की पैंट की जेब से आधार कार्ड मिला जिस से यूवक की शिनाख्त गुडडू पुत्र जगत बरौलिया जिला बाराबांकी के सिरौली गॉस पुर गांव के रूप में हुई।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

# मागे पूरी नही हुई तो होगी आर-पार की लड़ाई : अरुण तिवारी



**कोरांव।** तहसील कोरांव मे हापुड़ मे अधिवक्ताओ के ऊपर पुलिस द्वारा किये गए लाठीचार्ज और उत्पीड़न के विरोध मे बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के आह्वान पर बुधवार को भी बार एशोसिएशन के अध्यक्ष अरुण तिवारी के नेतृत्व मे अधिवक्ता लामबंद होकर पुलिस विरोधी नारा लगाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे। ज्ञात हो कि पंद्रह दिन पहले हापुड़ मे अधिवक्ताओ के ऊपर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया था जिसके विरोध मे प्रदेश भर के अधिवक्ताओ ने पखवारे भर से पुलिस के खिलाफ आंदोलन कर न्यायिक कार्य से विरत चल रहे है और अधिवक्ताओ का पुलिस के प्रति आक्रोश का तिलिस्म टूटने का नाम नही ले रहा है बुधवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एशोसिएशन तहसील कोरांव के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने लामबंद अधिवक्ताओ के साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को जरिये उपजिलाधिकारी कोरांव की अनुपस्थिति मे नायब तहसीदार बड़ोखर को चार सूत्रीय ज्ञापन देते हुए कहा कि हापुड़ के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, का तत्काल प्रभाव से स्थान्तरण, पूरे प्रकरण की न्यायिक समिति गठित कर निष्पक्ष जाँच, पूरे प्रदेश मे अधिवक्ताओ के ऊपर हो रहे उत्पीड़न और हत्या पर विराम लगे अन्यथा हम सब आर पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन देते वक्त मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ल कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता बाल गोबिंद पाण्डेय, अरुण मिश्रा(बाबा)मोती लाल कुशवाहा, श्याम सुंदर तिवारी, अजय तिवारी, विनित मिश्रा,राजू दुबे,बृजेश मिश्रा,त्रिवेणी यादव, कौशलेश तिवारी,सुनील पाण्डेय,धीरेंद्र शुक्ला, अनूप मिश्र,आशुतोष तिवारी, भास्कर यादव, रवि प्रकाश तिवारी, संतोष कुशवाहा,नृपेन्द्र मिश्रा, शिवाकांत मिश्रा,यादवेंद्र यादव(अहीर)अखिल दुबे, विवेक गौतम, रजनीश मिश्रा के अलावा सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### दरियाबाद व करैली में निकाला गया असीराने करबला की याद में जुलूस



**प्रयागराज।** दरियाबाद के अली नगर से देर रात अजाखाना शाकिर अब्बास से ताबूत व अलम का जुलूस निकाला गया। मौलाना ऊरुज अब्बास साहब किबला ने मजलिस को खिताब किया तो अन्जुमन हुसैनिया रजिस्टर्ड,अन्जुमन हुसैनिया कदीम व अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया बख्शी बाजार ने नौहा व मातम की सदा बुलन्द करते हुए जुलूस निकाला वहीं अन्जुमन मासूमिया की ओर से करैली जे के आशियाना मसूद साहब के अजाखाने से जुलूस याद ए असीराने करबला निकाला गया।शहीर रालवी के संचालन में नसीम बिसौनवी ने मर्सिया पढ़ा।आकिब रजा रालवी व मुज्तबा हैदर ने पेशख्वानी की। मौलाना इंतेजार आब्दी ने मजलिस को खिताब करते हुए शोहदा ए करबला का ज़िक्र किया। अन्जुमन असगरिया अमहट सुल्तानपुर के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।हसन सबा रिजवी के अजाखाने के बाहर मौलाना जमीर हैदर रिजवी ने अन्तिम तकरीर की तो काफला ए बनी असद के मंजर की मंजरकशी की गई। अकीदतमन्दों ने जन्जीरो का मातम भी किया। शबीह ए ताबूत,अलम जुलजनाह व अमारी भी जुलूस में शामिल रही जिस पर अकीदतमन्दों ने फूल माला चढ़ा कर मन्नत व अकीदत का इजहार किया।

### सांसद रीता जोशी खूजी ग्राम सभा में कलश में माटी का किया संग्रह

#### घर-घर जाकर कलश में माटी संग्रह्र कर रहे हैं भाजपाई



**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के खुझी ग्राम पंचायत में आयोजित मेरी मांटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर प्रयागराज की सांसद डॉक्टर रीता जोशी जाकर मिट्टी लिया श्रीमती जोशी ने कहा कि हर घर की एक चुटकी मिट्टी देश की राजधानी में स्थित कर्तव्य पथ पर बनने वाले अमृत वाटिका तक जाएगी यह अमृत वाटिका में शहीदों के स्मृति में लगाई जाएगी श्रीमती जोशी ने कहा कि इस अभियान से प्रत्येक देशवासी भावनात्मक रूप से एकता और एकात्मकता के सूत्र में बंधेंगे माननीय प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से चलने वाला यह अभियान ऐतिहासिक रूप से सफल हो रहा है इस मौके पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया साथ में राजेंद्र कुमार मिश्रा , रामानंद त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष, दिनेश तिवारी पूर्व प्रधानाचार्य, आशीष कुमार पाल प्रधान, संत प्रसाद पांडे, वीरेंद्र शुक्ला, नीरज मिश्र पूर्व प्रधान ,कमलापति त्रिपाठी ,आशीष मिश्रा, श्याम बाबू प्रजापति प्रधान, सुजीत कुमार द्विवेदी, बृजेश बिद प्रधान, एवं खंड विकास अधिकारी जसरा मौजूद थे।

### एमपी के दो शातिर चोर गिरफ्तार, मोबाइल और नगदी बरामद



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल, 7800 रुपये नगद, चार देशी बम बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी कपारी रोड, नाले के पास से की गई है। आरोपी मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शंकरगढ़ थाने में दर्ज चोरी को दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। यह गिरफ्तारी कपारी रोड, नाले के नजदीक स्थित मंदिर के पास से की गई। गिरफ्त में आया चोर धीरज बसोर पुत्र शिवपाल बसोर (हवाई पट्टी, नारायण तालाब के पीछे, कुलगवाँ, सतना, एमपी) और गोविंद गुनकर पुत्र सत्यपाल गुनकर (निवासी हवाई पट्टी, नई पानी टंकी, वार्ड 43, कुलगवां, सतना, एमपी) का निवासी है। दोनों के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन, 7800 रुपया नकद और चार देशी बम बरामद किया गया है। सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए दोनों का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संतोष कुमार सिंह, विवेक कुमार राय, एचसीपी रामजीत यादव, मनोज कुमार, सुरेंद्र पाल आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी की एक बाइक समेत किया गिरफ्तार, एक अदद देसी तमंचा 315 बोर व दो कारतूस 6 जिंदा देसी बम किया बरामद

**कोरांव।** थाना पुलिस कोरांव ने थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में चोरी की एक अदद बाइक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, दो कारतूस व 6 अदद देसी जिंदा बम भी बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुड्डू उर्फ सोनू बिंद पुत्र दशरथ बिंद निवासी दादर कला पोस्ट विजयपुर थाना विंध्याचल जनपद मिर्जापुर व आशीष कुमार बिंद पुत्र राम प्रसाद बिंद निवासी ग्राम बईरहवा पिपरा थाना मांडा जनपद प्रयागराज शामिल हैं। उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज सिंह, उपनिरीक्षक अनुज राय, कॉन्स्टेबल राजकुमार राय, कांस्टेबल विकास यादव, कांस्टेबल राहुल राठौर, कांस्टेबल कपिल देव यादव शामिल रहे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की ग्रामीणों ने कहा राष्ट्रप्रेम



सोरांव। स्थानीय क्षेत्र के सरसा गांव में पिछले रविवार को हुए मेरी माटी मेरा कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों ने एक कार्यक्रम के तहत राष्ट्रवाद का प्रेम ग्रामीणों में जागृत करने की बात कही।जानकारी के अनुसार नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा एक कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय के निर्देश से राष्ट्रीय स्वयं सेवक बबिता मौर्या और कुसुम कुशवाहा के द्वारा विगत रविवार को ग्राम पंचायत सरसा के सरसा बन के एक निजी विद्यालय में मनाया गया था। इस कार्यक्रम के तहत रैली एवं शपथ तथा डोर टू डोर कलश यात्रा को संपन्न कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सोराव प्रदीप कुमार,विजय बहादुर पटेल,शैलेंद्र प्रताप सिंह, बैंक सखी संगीता देवी, समाजसेवी पिंटू मौर्य, सुनीता एवं ग्राम के सभी सम्मानित छोटे एवं बड़े बुजुर्ग तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

## भरेबाजार हुई लूट असमंजस में पुलिस , 24 घंटे बीतने के बाद भी नहीं लगा सुराग

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में सरेआम भरेबाजार के बीच से सात लाख की लूट की वारदात से पुलिस भी हैरान है। जिस तरह से बदमाश बड़े आराम से लाखों रुपयों से भरा बैग छीनकर बड़े आराम से भाग निकले, उसे लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। फिलहाल तमाम बिंदुओं पर जांच के साथ ही पुलिस सर्विलांस के सहारे भी जांच में जुटी है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस किसी नतीजे पर नहीं निकली है।इस घटना में तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं जिसका जवाब फिलहाल नहीं मिल सका है। खुद भुक्तभोगी भी इस बारे में ज्यादा कुछ बता नहीं पाया। पहला सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम लेकर सीधे अस्पताल जाने की बजाय आखिर वह भीड़भाड़ में क्यों घूमता रहा। इसके अलावा जब उसका साथी होम लोन कार्यालय में चला गया तो वह नीचे ही क्यों खड़ा रहा। उसके पास भारी मात्रा में नकदी थी तो वह साथी के साथ ही क्यों नहीं गया।सबसे बड़ा सवाल यह है कि अब तक कि जांच पड़ताल में यही बात सामने आई है कि बदमाशों ने किसी तरह के हथियार का इस्तेमाल नहीं किया? तो क्या उन्हें मालूम था कि वह बिना हथियार के ही लाखों रुपये आसानी से लूट लेंगे। ऐसे तमाम सवालों के जवाब पुलिस ढूंढ़ने में लगी है।

**खंगाली जाएगी सीडीआर** : सूत्रों का कहना है कि पुलिस अस्पताल के दोनों कर्मचारियों की भी कॉल डिटेल रिपोर्ट खंगालेगी। दरअसल उनके बयान की तस्दीक के लिए यह बहुत जरूरी है। कॉल डिटेल रिपोर्ट से यह साफ हो जाएगा कि उनके बयान के अनुसार घटना घटी या नहीं। इसके अलावा घटना से पहले उन्होंने कब किससे संपर्क किया, इसकी भी जांच की जाएगी। उधर घटना के बाद पुलिस अफसरों ने भी दोनों से घंटों पूछताछ की।

**बदमाशों को पहचाने जाने का था डर** : सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि बदमाश हेलमेट पहनकर आए थे। बाइक चलाने वाले व पीछे बैठे उसके साथी दोनों ने हेलमेट लगा रखा था। इससे आशंका यह भी जताई जा रही है कि हो सकता है कि लुटेरे स्थानीय हों और उन्हें पहचाने जाने का डर हो। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### कान्हा के भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

**जारी।** भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के बाद दिन बुधवार को जारी बाजार में छठी महोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।जारी स्थित प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर में मंदिर के बाबा बालक दास महाराज जी के सानिध्य में श्री कृष्ण छठी महोत्सव का आयोजन सार्वजनिक रूप से किया गया। जिसमें कस्बे के आए कारीगरों ने मंदिर को सजाकर भव्य रूप दिया। बालक दास महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के सम्मुख भोग लगाया और भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जबकि क्षेत्र से आए हुए स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कृपानाथ तिवारी, मुरारी केसरवानी, शिवराम अग्रहरि, छोटेलाल गुप्ता ,राजेश कुमार सुमन बैंक मैनेजर, जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र यादव, ग्राम प्रधान रेनू बिहारी जायसवाल अवधेश अग्रहरि, गुड्डू किराना, शरद गुप्ता, आदि सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# ज्वाला देवी गंगापुरी में श्रीकृष्ण जन्म छठी उत्सव हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** रज्जू भैया प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी प्रयागराज में मंगलवार को श्रीकृष्ण छठी उत्सव एवं राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्रीमती रचना मिश्रा (विद्यालय मातृ भारती की अध्यक्ष),विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र व विद्यालय मातृ भारती की बहनों ने राधा कृष्ण की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की संयोजिका रोली मालवीया ने कार्यक्रम में उपस्थित मात्र शक्तियों का परिचय कराते हुए राधा-कृष्ण के चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 68 भैया/बहिनों ने राधा-कृष्ण के वेश में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी प्रतिभागी भैया/बहनों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।मातृ भारती की अध्यक्ष रचना मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृष्ण के साथ राधा को सर्वोच्च देवी माना जाता है। जहाँ कृष्ण संसार को मोहित करते हैं, वहाँ राधा कृष्ण को मोहित कर लेती हैं। कृष्ण जैसी मनमोहक और अनुपम जीवनलीला अन्य किसी भी देवता की नहीं है। प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि विष्णु के दस अवतारों में से आठवाँ अवतार श्रीकृष्ण का था। उनके सभी दस अवतारों में से सर्वाधिक अनुपम और अद्वितीय अवतार कृष्णावतार ही था।साथ ही मातृ भारती की माताओं द्वारा अध्यापक/अध्यापिकाओं को अंग वस्त्रम व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सरोज सिंह ने किया। कार्यक्रम में बेबिका राय, पायल, अनीता, मीनाक्षी, रीता, रागिनी, महिमा, वर्षिका,सीमा, श्रद्धा एवं बच्चों की माताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# राष्ट्रपति ने आयुष्मान भव : अभियान का देशव्यापी किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** राष्ट्रपति महोदया द्वारा बुधावर को पूर्वान्ह 12:00 बजे आयुष्मान भवः अभियान का देशव्यापी शुभारम्भ किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निदेशानुसार जनपद प्रयागराज में उक्त अभियान का शुभारम्भ तेज बहादुर सपू चिकित्सालय, प्रयागराज के सभागार में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के सम्बोधन का सजीव प्रसारण के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम में उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर, हर्षवर्धन बाजपेयी विधायक शहर उत्तरी, हर्ष देव पाण्डेय एडीएम प्रशासन, एसपी सिंह प्रधानाचार्य मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, श्रीमती शारदा चैधरी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, तेज बहादुर सपू चिकित्सालय, डा. आशु पाण्डेय, सीएमओ, प्रयागराज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आरसीएच, डा.. तरूण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एनयूएचएम, डा. रावेन्द्र सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारी, आयुष्मान भारत डा. राजेश सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर डा. नवीन गिरि, डा. एमके अखौरी, चिकित्सा अधीक्षक, तेज बहादुर सपू चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक विनोद कुमार सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जन समुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारम्भ किया गया है। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर किया जाएगा। इस अभियान के 05 प्रमुख घटक हैं। 1-सेवा पखवाड़ा, 2-आयुष्मान आपके द्वार 3.0, 3-आयुष्मान मेला, 4-आयुष्मान सभा, 5-आयुष्मान ग्राम पंचायत/ आयुष्मान नगरीय वार्ड का आयोजन किया जाएगा। 17 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसमें स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादन एवं अंगदान शपथ का आयोजन किया जाएगा। अभियान के द्वतीय चरण में आयुष्मान आपके द्वार के अन्तर्गत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाना है। तृतीय घटक में 17 सितम्बर 2023 से समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों पर आयुष्मान मेला का आयोजन किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय आयुमष्मान मेला में मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। अभियान के चतुर्थ घटक में आयुष्मान सभा जिसके माध्यम से आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं पात्र लाभार्थियों की सूची का प्रकाशन आदि कार्य सम्पादित किये जाएंगे। कार्यक्रम के पंच्चम घटक आयुष्मान ग्राम के अन्तर्गत उन पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा जिनके द्वारा अभियान के दौरान शत-प्रतिशत उपलब्धि-आयुष्मान कार्ड वितरण, आभा आईडी, गैर संचारी रोगों हेतु जॉच, क्षयरोग के सम्भावित मरीजों की जॉच आदि कार्यों में उपलब्धि प्राप्त की है। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सबके सहयोग की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु सबको धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सलोरी दधिकान्दों मेले की तैयारी को लेकर किया गया निरीक्षण



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा आगामी 16 सितम्बर को सलोरी में लगने वाले दधिकन्दो मेला के दृष्टिगत नवाब युसूफ रोड, सरदार पटेल मार्ग, कानपुर रोड, धोबीघाट चौराहा, स्टैनली रोड, लाजपत राय रोड मम्फोर्डगंज, शिवकुटी, कैलाशपूरी गोविन्दपुर, सलोरी सम्पूर्ण क्षेत्र, सादियाबाद एवं अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाजपत राय रोड मम्फोर्डगंज में आयूषी हास्पिटल के सामने पेयजल पाईप लाईन लीकेज पाया गया। सम्पूर्ण सलोरी में दधिकन्दो मेला क्षेत्र का पैदल निरीक्षण करते हुए जोनल अधिकारी एवं सम्बन्धित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुये सम्पूर्ण क्षेत्र में सफाई, सेनिटाईजेशन, फॉगिंग आदि करवाना सुनिश्चत करें, साथ ही महाप्रबन्धक जलकल को तत्काल लीकेज ठीक कराने के निर्देश दिये गये। मेले वाले दिन बीच-बीच में प्लास्टिक की पन्नी, कचरे आदि को पिकिगं कराना भी सुनिश्चित किया जाय ताकि मेले में आने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। पशु चिकित्सा अधिकारी, जोनल अधिकारी तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय पार्षद एवं पशुपालकों से समन्वय स्थापित कर गोबर के निस्तारण हेतु रिलायंस एजेन्सी के प्रतिनिधि के साथ मिटिगं कराना सुनिश्ति करें, साथ ही दधिकन्दों मेला के दौरान पशुओं के विचरण पर पूर्णतया रोक लगाना भी सुनिश्चित करें ताकि मेले में किसी प्रकार की विषम स्थिति न उत्पन्न होने पाये।

# पुलिस और राजस्व टीम ने रास्ते से हटवाया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

### अलहवा ग्राम पंचायत में सड़क बनवाने में आ रही थी अड़चने



**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के अलहवा ग्राम पंचायत में राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ रास्ते की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया। ज्ञातव्य हो कि ग्राम पंचायत अलहवा में ग्राम प्रधान के द्वारा पाल बस्ती में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जहां बीच में आंशिक तौर पर रास्ते में अतिक्रमण कर लिया गया था। कहने के बावजूद भी नहीं हटाया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस व प्रशासन ने राजस्व टीम गठित कर रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया और निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। उक्त रास्ते पर अलहवा के कोटेदार द्वारा अतिक्रमण किया गया था जहां खाली कराने पहुंचे ग्राम प्रधान पर कोटेदार व उसके पुत्र के द्वारा जानलेवा हमला भी किया गया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस ने कोटेदार के बेटे का शांति भंग में चालान किया था। मामले में ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने मुख्य विकास अधिकारी व थाना प्रभारी को एफ आई आर दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है। जिसमें सीडीओ प्रयागराज ने डीसीपी यमुनानगर को विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अतिक्रमण हटवाने पहुंची राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक बड़ोखर छेदीलाल, हल्का लेखपाल अतुल कुमार तिवारी, पुलिस बल व ग्राम प्रधान अलहवा इत्यादि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने बीडीओ को दिखायी विकास कार्यों में खामियां, खूब खरी खोटी सुनायी

### भाकियू (भानु) के धरने के बाद खंड विकास अधिकारी ने बुंदावां गांव में किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**बारा।** बुधवार को बुंदावां गांव में विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे जसरा खंड विकास अधिकारी अनीश अहमद को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। सैकडों की संख्या में उपस्थित महिलाओं ने बीडीओ को मुहल्ले की कई गलियों में घुमाया , जहां विकास कार्यों में हुई धांधली पर बीडीओ जवाब नहीं दे पाये। ग्रामीणों ने बीडीओ के सामने ग्राम पंचायत अधिकारी, रोजगार व सफाई कर्मी को जमकर खरी -खोटी सुनायी। कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी का कार्य यहाँ सफाई कर्मी कर रहा है। रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा में भारी धांधली की जा रही है। गरीबों को मनरेगा के तहत काम नही दिया रहा है। महिलाओं को सरकारी शौचालय की सुविधा नहीं दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि बुंदावां, जसरा व रेरा गांव में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर तीन दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन (भानु ) संगठन ने मंडल संरक्षक देशराज बौद्ध व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जसरा ब्लाक गेट पर अनिश्चित कालीन धरना रखा गया था। धरना स्थल पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी अनीश अहमद को विकास कार्यों में धांधली के साथ ही गांव की 50 से अधिक महिलाओं ने सरकारी शौचालय की सुविधा न मिलने की शिकायत की थी। इस पर बीडीओ ने एडीओ पंचायत के साथ गुरुवार को बुंदावां गांव में निरीक्षण करने और ग्रामीणों की शिकायत दूर करने की बात कही थी। लेकिन तय कार्यक्रम के एक दिन पहले बुधवार को ही 11 बजे बीडीओ अपने पूरे स्टाफ के साथ बुंदावां पहुंच गये। जहां पर भारतीय किसान यूनियन (भानु )के मंडल संरक्षक देशराज बौद्ध के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने बीडीओ को घेर लिया। सभी ने बीडीओ को मुहल्ले में घुमाया तथा नाली की सफाई न होने से सड़कों पर बह रहे गंदे पानी को दिखाया। कई लोगों ने कच्चा मकान होने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास न दिये जाने की शिकायत की और कच्चे घरों को भी दिखाया। मुहल्ले की करीब 50 महिलाओं ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी ने उन्हें सरकारी शौचालय की सुविधा नहीं दी। करीब एक घंटे तक बीडीओ गांव में मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

एम0वी0आर0 डिग्री कालेज
कसिया, सिराथू, कौशाम्बी।
स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर
**विज्ञान संकाय** (बी0एस0सी0-कुल तीन (03) पद
(विषय-जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित एक-एक पद)
**कला संकाय** (बी0ए0)-कुल चार (04) पद
(विषय - हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास एक-एक पद)
प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू0जी0सी0 के नियमानुसार
वेतनमान यू0जी0सी0 के मानकानुसार
विज्ञापन के प्रकाशन के 07 दिन के अंदर
समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों एवं फोटो
महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक**
एम0वी0आर0 डिग्री कालेज सिराथू-212201
Email-mvrdegreec@gmail.com
Mobile-7518011099, 8299213252

## प्राथमिक शिक्षक संघ बदायूं के जिलाध्यक्ष पर कार्यवाही से भड़के शिक्षक

### कचहरी में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व के आह्वाहन पर प्रतापगढ़ में जिला कलेक्ट्रेट के सामने शिक्षक दिवस के अवसर पर संजीव कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बदायूं को द्वेषपूर्ण भावना से निलंबित करने वाली जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकगण।

प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, जिला मंत्री विनय सिंह एवं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज मंडल के मांडलिक मंत्री अनिल पांडे एवं सभी विकासखंडों के अध्यक्ष, मंत्री एवं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक स्वर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के इस अमानवीय कृत्य की घोर निंदा की और प्रांतीय नेतृत्व के आह्वाहन पर 20 सितंबर 2023 को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के शिक्षक उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों का आह्वाहन किया की 20 सितंबर 2023 को अधिक से अधिक संख्या में बदायूं पहुंचकर हम सब मिलकर पुरजोर विरोध करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं को शासनादेश का ज्ञान नहीं है शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा एवं दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इसके विपरीत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं द्वारा संजीव शर्मा को निलंबित करके संपूर्ण शिक्षक समाज को अपमानित किया गया है, जिससे प्रदेश के सभी शिक्षक नाराज हैं। इस अवसर पर रामानंद मिश्रा, पंकज तिवारी, प्रभाकर सिंह, मनोज पांडे, राजेश चंद्र पांडे, प्रभाशंकर पांडे, राकेश सिंह, निर्भय सिंह, अजीत कुमार, कमलेश कुमार, बृजेंद्र पांडे, विष्णु, संतोष कुमार मिश्रा, विजय मिश्रा, बालेंद्र शुक्ला, रहमान फारूक, जैनेंद्र सरोज, प्रभाकर नाथ, संजय सिंह, चंद्रेश पांडे, बृजेश प्रताप सिंह, बलराम पाठक, विनोद कुमार यादव, राघवेंद्र पांडे, शक्ति, हर्ष, विनोद कुमार सिंह, राम ललन आदि मौजूद रहे।

## सदाचरण ही भक्ति साधना का सच्चा मार्गः सचिन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के धधुआ गाजन स्थित देवधन पैलेस में हो रही सामूहिक संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास श्रीधाम वृन्दावन से पधारे सचिन कृष्ण जी महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से क्षेत्र में लोकमंगल में वृद्धि हुआ करती है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए आततार्इयों के वध से मानव जगत में मूल्यों की रक्षा की। उन्होनें कहा कि मनुष्य को सदाचरण के जरिए सदैव भक्ति साधना के मार्ग पर बढ़ना चाहिए।

सचिन कृष्ण जी महराज ने कहा कि भगवान की भक्ति में फल की आकांक्षा निहित नहीं हुआ करती। उन्होनें कहा कि भक्ति सदैव निर्मल हुआ करती है। कथा के दौरान श्रीधाम से आयी संकीर्तन मण्डली के हरे कृष्णा हरे राधे भजन में श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथा के संयोजक संगीतकार सुरेन्द्र ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर अभिषेक यादव, राधेश्याम द्विवेदी, अमरनाथ यादव, रामबरन सरोज, प्रधान आशुतोष जायसवाल, मुकेश यादव आदि रहे। वन क्षेत्राधिकारी अशोक यादव के संयोजन में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।

## हत्या के अभियोग से संबंधित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के ग्राम बंधवा, विजईमऊ में नौ सितम्बर को आटा चक्की पर सो रहे एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना संग्रामगढ़ में मु0अ0सं0 204/2023 धारा 147, 302, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में थाना संग्रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक इन्द्रदेव मय हमराह उ0नि0 प्रमोद कुमार व उ0नि0 अमित सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित वांछित तीन अभियुक्तों बाबूलाल पटेल पुत्र बृजलाल पटेल, अर्जुन उर्फ बऊआ पटेल पुत्र बृजलाल पटेल व धर्मेन्द्र उर्फ धीरेन्द्र पटेल पुत्र राम प्रसाद समस्त नि0गण ग्राम बंधवा विजईमऊ थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के नेवादा कला नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर संगोष्ठी का आयोजन आज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है इस संगोष्ठी का विषय कला और संस्कृति के क्षेत्र में रोजगार की आवश्यक पर संभावनाएं होगी। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर शिवानी मातनहेलिया उपस्थित रहेंगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर अखिलेश पांडे प्राचार्य पीजी कॉलेज करेंगे उक्त जानकारी महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने दिया है।

## गाजे-बाजे व तिरंगे झण्डे के साथ निकली कलश यात्रा

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में पंचप्रण की दिलाई की गई शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र के 25 वार्डो में सभी सभासद व नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारीगण घर-घर जा कर मिट्टी व अक्षत विगत तीन दिनों से जुटा रहे है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह पूरे केशव राय व



सभासदों को पंचप्रण की शपथ दिलाते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

सगरा वार्ड में अमृत कलश लेकर गाजे-बाजे व तिरंगा झण्डा के साथ प्रत्येक घर से मिट्टी व अक्षत अमृत कलश में प्राप्त किये। सांय काल अम्बेडकर चैराहे से भव्य सजा हुआ रथ एवं गाजे-बाजे के साथ सभासदों व नगर पालिक कर्मचारियों के साथ अमृत कलश लेकर शहीद उद्यान (कम्पनी बाग) में शिलाफलकम के पास सभी 25 वार्डो के अमृत कलश से एक बडे अमृत कलश में मिट्टी और अक्षत लेकर उस अमृत कलश को नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को सुपुर्द किया गया। इसके बाद सभी सभासदों एवं नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अध्यक्ष नगर पालिका द्वारा पंच प्रण की शपथ दिलायी गयी।

## पूरे जिले में चला पुलिस का यातायात जागरुकता अभियान

### चेकिंग के दौरान 70 से अधिक वाहनों का हुआ चालान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में यातायात जागरुकता अभियान का आयोजन बुधवार को जिले भर में किया गया। इस दौरान जहां शहर में जागरुकता रैली निकाली गई, वहीं कपूर चैराहा, भंगवा चुंगी, राजापाल टंकी पर सघन वाहन चेकिंग की गई।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल रानीगंज में पहुंचकर यातायात जागरुकता अभियान का जायजा लिया। यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता



रानीगंज क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग करवाते एसपी सतपाल अंतिल।

अभियान का आयोजन राजापाल टंकी से शुरू हुआ जो घंटाघर, बाबागंज होते हुए भंगवा चुंगी पर जागरूकता रैली समापन हुआ। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट, तीन सवारी, रांग साइड, मोबाइल से बात करने वाले वाहनों का चालान हुआ। चेकिंग के दौरान करीब 70 से ज्यादा वाहनों का चालान किया गया। नगर के कपूर चैराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सैकड़ो गाड़ियों को चेक किया इस दौरान नगर कोतवाल सत्येंद्र सिंह समेत दर्जनों भर पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वाहन चेकिंग अभियान से लोगों में अफरा-तफरी मची रही। इस मौके

### शहर में निकाली जागरुकता रैली

पर ट्रैफिक प्रभारी ब्रह्मशंकर दुबे समेत ट्रैफिक सिपाही व ट्रैफिक होम गार्ड मौजूद रहे। उधर रानीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भ्रमण करते हुए पुलिस चेक पोस्ट बैरियर पर रुककर पुलिसकर्मियों से कानून व्यवस्था के बारे में जायजा लेते रहे। इस दौरान एसपी भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण करते हुए संदिग्ध वाहन चालकों को रुकवा कर गाड़ी के दस्तावेज एवं हेलमेट लगाकर एवं सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने की नसीहत देते नजर आए। इस दौरान रानीगंज सीओ विनय प्रभाकर साहनी भी मौजूद रहे।

### अधेड़ पर हमला बोलकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रामपुर खागल गांव में देर रात लघुशंका को घर के समीप गए अधेड़ पर अज्ञात हमलावरों ने धावा बोल दिया और मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। ग्राम सभा रामपुर खागल निवासी प्रदीप पाण्डेय पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय घर के सामने लघुशंका के लिऐ निकले ही थे कि पहले से घात लगाए हमलावरों ने ताबड़तोड लाठी और डंडो से वार कर दिया जिससे प्रदीप पाण्डेय का जहां सर फट गया तो वही शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल अधेड़ ने पुलिस को अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध गंभीर आरोपों की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## दक्षिण भारत यात्रा के लिए 28 को प्रतापगढ़ आयेगी ट्रेन

### आईआरसीटीसी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से घूमने का मिला मौका

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि0 (आईआरसीटीसी) द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन द्वारा मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी दर्शन यात्रा का संचालन किया जा रहा है।

इसमें मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग (मरकापुर), तिरुपति बालाजी मंदिर (तिरुपति), मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम) स्थानीय दर्शन (कन्याकुमारी) की सुविधा रहेगी। यह ट्रेन 28 अक्टूबर को प्रतापगढ़ आयेगी। जो यात्री दक्षिण भारत की यात्रा करना चाहते हैं वे इस ट्रेन से अपना आरक्षण करवा लें। इस टेज्न में गोरखपुर, मनका पुर, अयोध्या केंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, ललितपुर स्टेशन से चढ़ने और उतरने की सुविधा रहेगी। यात्रा 28 अक्तूबर से 7 नवंबर तक होगी। इस बारे में आईआरसीटी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा उत्तर रेलवे लखनऊ का कहना है कि ट्रेन में बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट की मदद ले सकते हैं।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी को देखा

**प्रतापगढ़।** स्थानीय तुलसी सदन हादीहाल में लगी उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलंधियो की प्रदर्शनी को देखने पहुंचे रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल के पूर्व अध्यक्ष रो. राजेन्द्र खण्डेलवाल, पूर्व अध्यक्ष रो. शरद केसरवानी, रो. उमेश प्रताप सिंह एडवोकेट एवं रो. अश्विनी केसरवानी एवं भारत विकास परिषद् विशाल शाखा प्रतापगढ़ के अध्यक्ष गिरजा शंकर मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष उदयभानु सिंह, गोविन्द खण्डेलवाल, संजीव आहूजा, नारायण खण्डेलवाल, अभय खण्डेलवाल, प्रदीप सिंह, संतोष भगवन्, क्षितिज श्रीवास्तव, अरविन्द सिंह ने इसका जन जन तक प्रचार करने का बीड़ा उठाया है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियोग में चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना पट्टी के उ0नि0 गुलाब सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-268/2023 धारा 363/366/376/323 भादवि0 व 5/6 पाक्सो अधि0 थाना पट्टी से संबंधित चार वांछित अभियुक्तों रंजीत चैहान पुत्र बादशाह निवासी ग्राम जोगापुर (काशीराम कालौनी) थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़, पप्पू चैहान पुत्र प्यारे चैहान निवासी ग्राम विकरा महेशगंज थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़, विनोद चैहान पुत्र प्यारे चैहान निवासी ग्राम विकरा महेशगंज थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व राधेश्याम चैहान पुत्र प्यारे चैहान निवासी ग्राम विकरा महेशगंज थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र पट्टी के कोंहराव नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

## आजाद अधिकर सेना को सत्ता का दें अवसरः अमिताभ ठाकुर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर का जिले में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता कर बताया कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों को बताएं और अन्याय व भ्रष्टाचार पोषित सरकारी योजनाओं का खुलासा करें। साथ ही जन-जन तक यह संदेश दें कि आजाद अधिकार सेना को सत्ता का अवसर दें।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी अन्याय, अत्याचार, व भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का



पत्रकारवार्ता में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर।

संचार करेगी तथा प्रत्येक वर्ग के नागरिकों को समान अधिकार व न्याय दिलाएगी। इस मौके पर प्रभारी पूर्वी विनोद कुमार पाण्डेय, जोनल अध्यक्ष प्रयागराज जोन श्याम कृष्ण द्विवेदी, जिलाध्यक्ष प्रयागराज आशुतोष द्विवेदी, जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ दिग्विजय सिंह ने भी अपने विचार रखे।

## जायसी अवधी सम्मान से नवाजे गए साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य, साहित्यकारों व प्रबुद्धजनों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अवधी साहित्य संस्थान अमेठी उत्तर प्रदेश द्वारा अवधी भाषा साहित्य के विकास तथा समग्र जीवनोपलब्धियों के लिए मलिक मोहम्मद जायसी समाधि स्थल रामनगर अमेठी सभागार में जायसी अवधी सम्मान से अलंकृत किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ० अर्जुन पाण्डेय, अवध ज्योति पत्रिका के संपादक डॉ० राम बहादुर मिश्र तथा नार्वे से आए मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश चन्द्र शुक्ल तथा आकाशवाणी केंद्र प्रयागराज के निदेशक लोकेश कुमार शुक्ल ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम तथा सम्मान पत्र से डॉ.




डा. दयाराम मौर्य को सम्मानित करते अतिथिगण।

रत्न को नवाजा। डॉ० रत्न के अवधी काव्य संग्रह खेत-खलिहान व कोलकाता की सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. रेशमी पाण्डा मुखर्जी द्वारा प्रणीत शोध समीक्षा ग्रंथ मानवीय बोध की कलम डॉ दयाराम मौर्य रत्न के साहित्य का मूल्यांकन पर चर्चा हुई। इसके पूर्व डॉ. रत्न को अवधी समेत अन्य विषयों के श्रेष्ठ लेखन हेतु देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों ने सम्मानित किया है। डॉ. रत्न को इस विशिष्ट उपलब्धि पर समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, साहित्यकार राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, अनिल कुमार निलय समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है।

### प्रधान के निधन पर जताया गया शोक, प्रमोद व मोना हुए दुःखी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड के जगन्नाथपुर ग्राम पंचायत की प्रधान गणपति देवी 45 का गंभीर बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। वह पूर्व प्रधान देशराज यादव की पत्नी भी थी। निधन की जानकारी मिलने पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गहरी संवेदना प्रकट की है। वहीं स्थानीय विकासखण्ड कार्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी इंदुभाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ब्लाककर्मियों ने भी प्रधान गणपति देवी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया है। शोकसभा का संचालन एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद दुबे ने किया।

## भगवान श्रीकृष्ण की छठी का श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की छठी का प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार स्थिति राम जानकी मंदिर में श्रीकृष्ण की छठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बाजार वासियो के साथ ही दूर-दराज के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का कार्यक्रम दोपहर से लेकर देर शाम तक चलता रहा। भगवान की छठी हर वर्ष बाजार वासियों के सहयोग से मनाया जाता है। कार्यक्रम के आयोजक सुनील अग्रहरि व संयोजन कर्ता शंकर लाल जायसवाल ने भंडारे में आए सभी भक्तो के प्रति आभार जताया। इस मौके पर महेश अग्रहरि, जय प्रकाश जायसवाल, शरद सिंह, अमरनाथ, पप्पू केसरवानी, विनोद सोनी, मुन्ना गुप्ता, गुलाब, दुर्गेश केसरवानी, केशव प्लाजा, गोविंद, तीरथ, बबलू सिंह समेत सैकड़ों लोगो ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग किया।

### बाइक अनियंत्रित होने से युवक घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत में संविदाकर्मी बाइक अनियंत्रित होने से चुटहिल हो गया। लालगंज नगर पंचायत में संविदाकर्मी अंकित शुक्ल 26 मंगलवार की शाम बाइक से अपने घर सांगीपुर थाना के बवरिहा पहाड़पुर जा रहा था। लालगंज उमापुर रोड पर काली मां के मंदिर के समीप अचानक सड़क पर आये मवेशी को बचाने में अंकित की बाइक असंतुलित हो गयी। इससे वह दुर्घटना में चुटहिल हो गया। आननफानन मे घायल को लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। जानकारी होने पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व कई सभासद भी अस्पताल पहुंच गये।

## हापुड़ में लाठीचार्ज को लेकर वकीलों ने गेट पर की तालाबंदी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हापुड में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज को लेकर वकीलो का विरोध बुधवार को भी तेज हुआ दिखा। अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी तहसील तथा दीवानी में अदालती कामकाज का बहिष्कार करते हुए मांगों पर सरकार की उदासीनता पर नाराजगी जतायी। नाराज वकीलों ने तहसील के मुख्य द्वार पर तालाबंदी करते हुए सरकार एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं दीवानी न्यायालय परिसर में भी वकीलों को आक्रोशित देखा गया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह की अगुवाई में वकील तहसील पार्क में इकटठा हुए। वकीलों ने अब तक हापुड के डीएम व एसपी के

### अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

तबादले न होने को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने आमसभा में कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाली सरकार इंसाफ की लडाई लड़ रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को ऐन केन प्रकारेण दबाने की फिराक में है। सभा का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। इसके बाद आक्रोशित वकीलों ने तहसील परिसर से नारेबाजी करते हुए नेशनल हाइवे के मुख्य द्वार पर आ पहुंचे। यहां वकीलों ने मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर घंटो विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों के विरोध प्रदर्शन के चलते नेशनल हाइवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित दिखा। इसके पूर्व एसडीएम लालधर सिंह यादव ने संघ के पदाधिकारियों को गतिरोध दूर करने के लिए अपने चेम्बर में वार्ता के लिए बुलवाया। वहां अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों ने हापुड़ के डीएम व एसपी के तबादले तक आंदोलन जारी रखने की प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी। वार्ता विफल होने के बाद अधिवक्ताओं का समूह विरोध प्रदर्शन को निकल पड़ा। इधर सिविल न्यायालय में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने कामकाज का बहिष्कार किया। विरोध प्रदर्शन में केबी सिंह, टीपी यादव, दिनेश सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष पाण्डेय, दीपेन्द्र तिवारी, आनन्दमोहन श्रीवास्तव, मोहित जायसवाल, संतोष तिवारी, रामलखन शर्मा, शिव नारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, जयकरन सिंह, लाल स्नेहांश सिंह, अरूण पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# धीमी गति से मेडिकल कॉलेज के हो रहे निर्माण पर जिलाधिकारी हुए खफा

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने बुधवार को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज कादीपुर के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत निरीक्षण के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए माइक्रोप्लॉन बनाकर तथा और लेबर लगाकर निर्माण कार्यों एवं फिनिशिंग के कार्यों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने एकेडमिक बिल्डिंग तथा गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निरीक्षण के दौरान फॉल सीलिंग के कार्यों तथा रेलिंग व खिड़की लगाये जाने तथा सेनेटरी के कार्यों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों में भी तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार उपकरण सामग्रियों को मंगाकर स्टोर कर लिया जाय, जिससे इन कार्यों को समय से पूर्ण कराया जा सकें। उन्होंने लिफ्ट लगाये जाने के कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज के0के0 श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो घरों मे सेध काटकर हजारों की चोरी

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई का मजरा ककरालीपर गांव मे मंगलवार की रात पीछे की दीवार में नकब काट कर पहुंचे चोरों ने नगदी व समान समेत हजारों रुपए का समान पर कर दिया। वही दूसरे घर में सेंध काटने के बाद चोरों को सफलता नहीं मिल सकी ग्रामीणों के जागने के बाद चोर नदारत हो गए , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की छानबीन में जुट गई है बताया जाता है की सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई गांव का मजरा ककरालीपर गांव निवासी बंशीलाल पुत्र दुर्गा प्रसाद मंगलवार की रात परिवार के साथ छत पर सो रहा था इस दौरान आए चोरों ने पीछे की ईट की दीवाल में सेंध काटकर घर मे पहुंचकर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर नकदी समेत कीमती जेवरात व अन्य सामान उठा ले गए। दूसरी घटना पड़ोस के नरेश पाल के घर में हुई है चोरों ने सेंध काटकर चोरी का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों के जगहर होने के बाद सफलता नहीं मिल सकी है। भुक्तभोगी ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# खाता धारक के साथ बैंक मैनेजर ने किया बड़ा फ्राड

अखंड भारत संदेश

**सिराथू क्षेत्र में इसके पहले भी ग्राहकों के खाते में हेरा फेरी करने के आरोप में बैंक प्रबंधक की हो चुकी है गिरफ्तारी**

**कौशाम्बी।** बैंक से लोन लेने के बाद खाता धारक ने उसकी अदायगी के लिए शाखा प्रबंधक को 3 लाख 5 हजार रुपए की रकम नगद दे दी थी लेकिन उसके साथ बैंक मैनेजर और उनके कर्मचारी ने फ्रॉड किया है मामले की शिकायत खाता धारक ने पुलिस अधीक्षक से कर बैंक मैनेजर और उनके कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज कराए जाने फ्रॉड करने वाले बैंक प्रबंधक उनके कर्मचारी की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है मामला बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सैनी शाखा का है लगातार बैंकों में फ्राड के मामले बढ़ते जा रहे हैं इसके पहले भी सिराथू क्षेत्र के एक बैंक मैनेजर को ग्राहक के साथ हेरा फेरी फ्रॉड करने के आरोप में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जानकारी के मुताबिक गुलमीपुर के रहने वाले मूलचंद पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सैनी से दो अलग-अलग बैंक खाता नम्बर 52730 5 0000 1237 दूसरा खाता नंबर 52730 600000 668 के जरिए ऋण लिया था ऋण की अदायगी के लिए मूलचंद ने 3 लाख 5 हजार रुपए की रकम शाखा प्रबंधक को 19 अप्रैल 2022 को नगद दे दिया था उसके बाद उन्हें 1 लाख 45 हजार की एक रसीद बिना तारीख की दी गई है 1 लाख 30 हजार रुपए की एक रसीद दी गई है वर्षों से अधिक बीत जाने के बाद 30 हजार रुपए की रसीद बैंक ने अभी तक नहीं दी गई है रुपए जमा होने के बाद भी लाखों का बकाया बताया जा रहा है उसके बाद मूलचंद के लोन खाता का मुकदमा लोक अदालत में पहुंचा जहा ऋण बकाया पर समझौते कर मूलचंद के बकाए को समाप्त कर दिया गया है लेकिन बैंक खाते में अभी तक उसके रकम नहीं जमा है और बैंक उसे बकायदार बता रहा है बार-बार स्टेटमेंट मांगने के बाद उसके बैंक खाते की स्टेटमेंट उसे बैंक द्वारा नहीं दी जा रही है जिससे प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं बैंक में फ्रॉड हुआ है रकम जमा करने के बाद बैंक से बकाया बताए जाने पर मूलचंद परेशान हो उठा एसपी कार्यालय में दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में मूलचंद ने बताया कि 3 लाख 05 हजार रुपए पूर्व में दिए गए रकम के संबंध में आधी अधूरी रसीद बैंक प्रबंधक द्वारा दी गई है उसने आशंका जाहिर की है कि बैंक के द्वारा दी गई रसीद फर्जी दिखाई पड़ती है रुपए लेने के बाद मूलचंद के बैंक खाते में प्रबंधक द्वारा रुपया जमा नहीं किया गया है बार-बार बैंक जाने के बाद उसके खाते की डिटेल स्टेटमेंट उसे नहीं दिया जा रहा है पासबुक भी मेंटेन नहीं की जा रही है जिससे शाखा प्रबंधक की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं दर्जनों बार बैंक मैनेजर से मिलने के बाद शेष 30 हजार की रसीद नहीं दी गई है शिकायतकर्ता का कहना है कि जिससे यह प्रतीत होता है की शाखा प्रबंधक और बैंक कर्मचारियों की नियत शुरू से खराब थी और उन्होंने बेईमानी धोखाधड़ी किया है शिकायतकर्ता ने एसपी से फरियाद की है कि धोखाधड़ी बेईमानी करने वाले शाखा प्रबंधक और बैंक कर्मचारियों के कारनामों की जांच करते हुए इन पर मुकदमा दर्ज कराया जाए इनकी गिरफ्तारी कराई जाए और इनसे रकम की वसूली कराई जा सके।

### गैंगरेप के आरोपी जिला पंचायत सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत सदस्य शेर मोहम्मद उर्फ शेरु पुत्र सगीर अहमद निवासी मीठेपुर शयारा को कड़ा धाम थाना पुलिस ने एक बाग से बीती रात गिरफ्तार कर लिया है,शेरू पर थाना कड़ाधाम पर गैंगरेप की धारा सहित 376(ऊ)/504/506 का अभियोग दर्ज किया गया था। शेरू वार्ड नंबर 8 से जिला पंचायत सदस्य है और उस पर अपने दोस्त के साथ महिला को लिफ्ट देने के बहाने से अपहरण गैंगरेप का आरोप लगा है।शेरू पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था,दो दिन पहले शेरू जिला पंचायत की बैठक में शामिल हुआ था और उसकी फोटो भी वायरल हुई थी,जिसके बाद पुलिस ने शेरू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विवेचना एवं पीड़िता के बयान 164 सीआरपीसी के आधार पर धारा 323 भादवि एवं 3(2)(5)/3(1)घ एससी/एसटी एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए मुखबिर की सूचना पर सयारा रोड सहगल के बगीचे के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

## पिता पुत्र ने की थी युवक की पीट पीटकर हत्या

**युवक की हत्या में सैनी कोतवाली पुलिस ने पिता पुत्र को किया गिरफ्तार**



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियो ग्राम सभा के मजरा नया पुरवा के पास रविवार सुबह सड़क किनारे जशवंत पटेल उम्र 22 वर्ष पुत्र राम सिंह निवासी गरीब का पुरवा उपरहार कोखराज की लाश मिली थी विवाहिता महिला से आशनाई के चलते युवक की पीट पीट कर हत्या की गई थी युवक के हत्याकांड का सैनी कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है जहां से पिता पुत्र को भेज दिया गया है। मृतक जसवंत के पिता की तहरीर पर थाना सैनी कोतवाली पर मु0अ0सं0 403/23 धारा 302/201/34 भादवि पुलिस ने पंजीकृत कर विवेचना शुरू की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि छेदी लाल पुत्र स्व0 दयाराम ने अपने बेटे मिथुन निवासी गरीब का पुरा थाना कोखराज के साथ मिलकर जसवंत की पीट पीटकर हत्या की है हत्या में शामिल पिता पुत्र को सैनी कोतवाली क्षेत्र के नया का पुरवा सड़क मार्ग के पास से सैनी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल 01 अदद लकड़ी का डंडा, 01 अदद रस्सी व 01 जोडी चप्पल बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त पिता छेदीलाल और पुत्र मिथुन को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है

# अपराध गोष्ठी में मातहतों को पुलिस अधीक्षक ने पढ़ाया कानून का पाठ



**कौशाम्बी।** एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने जनपद में अपराध और अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए थानाध्यक्षों के साथ बैठक की है।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया ।साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सर्व सम्बन्धित को निरोधात्मक कार्यवाही, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, जनता के साथ अच्छा व्यवहार एवं स्टूडेंट पुलिस लर्निंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। गौरतलब हो कि स्टूडेंट पुलिस लर्निंग कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य किया जाएगा। स्टूडेंट पुलिस के-डेट के लिए चयनित किए गए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए यह कार्यक्रम पुलिस एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तर पर संचालित किया जाएगा।

# मोदी जी का यही संदेश मेरी माटी मेरा देश : पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने 'अमृत कलश यात्रा' को लेकर आज अपनी विधानसभा चायल के पुरानी बाजार भरवारी गौरा रोड़ में नगर की माटी/चावल 'अमृत कलश' में नगर के घरों में जाकर संग्रहित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि माटी को नमन देश को वंदन मां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' के भाव के साथ यह अभियान सफलता की नई ऊंचाइयों को अर्जित करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेरा मेरी माटी मेरा देश संयोजक दीपचंद दिवाकर मंडल अध्यक्ष मूरतगंज



मनोज शुक्ला पार्षद वार्ड नंबर 12 सूरज यादव पार्षद वार्ड नंबर 17 शंकर लाल केशरवानी, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 15 ऋषि केशरवानी,पार्षद सुरेंद्र पटेल,सुधीर केशरवनी, पंकज केसरवानी, जीतू केसरवानी, जगदीश शिवहरे, वेदांत उपाध्याय सहित तमाम स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत चरवा में निकली गई तिरंगा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**कलश में संग्रह की मिट्टी व अछ्त, श्री राम विश्राम स्थल से शुरू कर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए शहीद चंद्रमणि स्मारक स्थल तक पहुंच कर किया समापन**



**महगांव कौशाम्बी।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत कौशाम्बी के नगर पंचायत चरवा में तिरंगा यात्रा के साथ कलश लेकर चरवा नगर पंचायत अध्यक्ष जग नारायण व अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र घरझघर घूमे नगर वासियों से मिट्टी व अछत चावल मटकी में एकत्र किए। यह यात्रा श्री राम विश्राम स्थल से शुरू होकर पूरे नगर पंचायत चरवा से होते हुए सिरसी व चरवा चौराहे के बाद शहीद चंद्रमणि स्मारक स्थल पर पहुंच कर समापन की गई ।मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत इस रैली में तिरंगा लेकर देश भक्ति गानों व देश भक्ति नारे लगाते हुए तमाम गणमान्य लोगों व नगर पंचायत चरवा के सभासद भी इस रैली में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत चरवा की जनता ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में नगर वासियों ने अपने अपने घर से कलश में मिट्टी व चावल दान किया। कार्यक्रम का समापन अमर शहीद चंद्रमणि स्मारक स्थल पर पहुंच कर किया गया जहां चेयरमैन जग नारायण व अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र ने देश के वीर सपूतों स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया।अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र ने कहा कि आजादी का ये अमृत महोत्सव और मेरी माटी मेरा कार्यक्रम लगातार 5 दिनों तक अभी चलेगा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि इस मिट्टी से लोगो की भावनाएं जुड़ी है और इसको एकत्रित करने का उद्देश्य देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने की मुहीम मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम है उन्होंने बताया कि मिट्टी को एकत्रित करके ब्लॉक फिर प्रदेश और उसके बाद कर्तत्व पथ दिल्ली स्थित अमृत वाटिका भेजा जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष जग नारायण, अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र, सामाजिक कार्यकर्ता सन्त लाल विश्वकर्मा, सभासद मनीष कुमार, सभासद नवीन कुमार, सभासद अरुण कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि देवनारायण साथ समस्त वार्ड के सभासद एवं अन्य गणमान्य लोग भी भारी संख्या में शामिल हुए।

# सात दिन पूर्व फांसी लगाकर मरे होमगार्ड के घर से लाखों के जेवरात चोरी

अखंड भारत संदेश

**मृतक होमगार्ड के घर पर लगा ताला, पुलिस कर रही जांच**

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर ग्राम सभा के नौबस्ता गांव में सात दिन पूर्व फांसी लगाकर मौत को गले लगाने वाले होमगार्ड के घर को चोरो ने निशाना बनाया है चोर दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस कर आलमारी में रखे लाखों के जेवर पार कर दिए। सुबह होमगार्ड की पत्नी को जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस लकीर पीट कर जांच का अश्ववासन देकर चली आई। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के म्योहर ग्राम सभा के नौबस्ता गांव के जय नारायण होमगार्ड ने सात सितंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था जय नारायन की पत्नी मंजू पति शोक में डूबी है। उसे सुनाई भी कम देता है और मानसिक रूप से कमजोर है। मंजू मंगलवार की रात को घर में ताला लगाकर बगल के घर में अपने परिवार के साथ सोने चली गई थी। मंगलवार की सुबह जब मंजू उठकर घर के अंदर गई तो देखा कि एक कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी और अलमारी के अंदर बना लॉकर टूटा हुआ है। लॉकर में रखा सोने का झुमका , सोने की लॉकेट, एक मांथ बेंदी, दो सोने की अंगूठी, चांदी की बिछिया व बीस हजार रुपए नगदी रखा था। जिसे चोर उठा ले गए। मौके पर पहुंची अरका चौकी पुलिस लकीर पीट कर चली आई। पुलिस ने देर शाम तक मुकदमा तक दर्ज नहीं किया।

## न्यूज झरोखा

### जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार में नेत्र परीक्षण शिविर में 186 चश्मों का किया वितरण



**कौशाम्बी** जनपद न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मिश्र द्वारा सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के सहयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में बुधवार को जिला जेल में 186 चश्मों का वितरण किया है यह जानकारी जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेश चन्द्र गुप्ता ने देते हुए बताया कि जिला कारागार में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर चश्मा का वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल, जेल अधीक्षक भूपेश सिंह, उप जेल अधीक्षक ओम प्रकाश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता उपेन्द्र नाथ शुक्ल एवं जिला कारागार के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें

### पार्षद सूरज यादव ने पोषण पखवारा का किया शुभारंभ.



**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में सरकार द्वारा चलाए जा रही योजना पोषण पखवारा में बुधवार को गोद भराई रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 12 के पार्षद सूरज यादव के द्वारा तीन गर्भवती महिला श्रीमती मनीता देवी, गीता देवी, शोभा देवी की गोद भराई के रस्म में अरहर सहित पांच प्रकार की दाल, गुड, हरी सब्जी व फल वितरित कर रस्म को पूरा किया गया । सूरज यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पोषण पकवारा कार्यक्रम बेहद सराहनीय है इससे गर्भवती महिलाओं को सभी प्रकार के पोषक तत्व मिलता है इससे साथ-साथ जच्चा और बच्चा दोनो स्वस्थ रहते है कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता वर्मा,अनीता दिवेदी, पुष्पा राय,आंगनबाड़ी सहायिका लालती देवी,लालती सरोज सहित अन्य महिलाए उपस्थित रही।

### ट्रेन हादसे में अधेड़ की मौत

**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के रामचौरा के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर एक अधेड़ की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई है सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए हैं दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चमन्धा गांव निवासी भुल्लन प्रसाद उम्र 37 वर्ष पुत्र अमीरे बुधवार की सुबह हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पार कर शौच करने जा रहे थे जैसे ही वह रामचौरा गांव के पास रेल लाइन पार करने लगे ट्रेन की टक्कर से टकरा गए हैं जिससे उनकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### तहसील अधिवक्ता संघ के महामंत्री पद हेतु हरीमोहन मिश्र ने किया नामांकन



**कौशाम्बी** तहसील अधिवक्ता संघ मंझनपुर के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो रही है वहीं महामंत्री पद पर हरीमोहन मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है इस मौके पर उनके समर्थकों ने हरीमोहन मिश्र को माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया है। नामांकन दाखिला के समय वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष , वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार मिश्र , दीपक कुमार मिश्र , संजय कुमार मिश्र , आलोप पाण्डेय , दयाराम सिंह मुंशी , शेष नारायण दुबे , दीपक खरे , बलराम पाल , धर्मेन्द्र शुक्ल , अरुण कुमार श्रीवास्तव , सियाराम सिंह , रवि शंकर , वेद पाण्डेय , नरेन्द्र पाण्डेय वरिष्ठ अधिवक्ता सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे

### एम्बुलेंस कर्मचारियों का पुनः प्रशिक्षण शुरू



**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी में 108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों का पुनः प्रशिक्षण 12 सितम्बर से शुरू कर दिया गया है। यह प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में चल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान एम्बुलेंस कर्मचारियों को बताया जा रहा है कि गोल्डन ऑवर में हम मरीज की जान को कैसे बचा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान एम्बुलेंस में उपलब्ध उपकरण और दवाईयों के उपयोग हेतु भी जानकारी प्रदान की गयी। यह प्रशिक्षण ई एम आर आई कंपनी के ट्रेनर डॉ अरुण बाबू के द्वारा दिया जा रहा है। जनपद कौशाम्बी में अभी 108 इमरजेंसी की 28 और 102 मातृ शिशु सुरक्षा हेतु 22 एम्बुलेंस संचालित की जा रहीं हैं।

### अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कौशाम्बी** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज की घटना से लगातार मांगो को लेकर कई दिनों से अधिवक्ता हड़ताल पर रहकर प्रदर्शन कर रहे है । राज्य विधिज्ञ परिषद यूपी के आवाहन पर अधिवक्ता संघ सिराथू के अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी सिराथू तहसील परिसर में न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार सिराथू अजीत कुमार सिंह को ज्ञापन सौपा। इस दौरान एल्डर कमेटी के चेयरमैन चंद्रशेखर सिंह , बसंत सिंह , हरिमोहन गुप्ता , रामनरेश सचान , प्रदीप रस्तोगी , नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिव सेवक अग्रहरी , महामंत्री उमाकांत शुक्ला , जयदीप पांडेय , संजय मालवीय , अभितोष मालवीय , जे पी, मनोज कुमार , पूर्व अध्यक्ष बालेंद्र धर दिवेदी, हेमंत जौहरी , बद्री प्रसाद , मो सफीक , देवेंद्र सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### दरवाजे के सामने खड़ा ई रिक्शा चोरी

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी चिरौंजीलाल पुत्र छोटे लाल गुप्ता ई रिक्शा चलाते है। मंगलवार की शाम वह घर आने के बाद ई रिक्शा को घर सामने खड़ा कर खाना पीना खाने के बाद सो गए । सुबह उठकर देखा तो ई रिक्शा गायब देखकर होश उड़ गए । इधर उधर खोजा जब कहीं नहीं दिखाई दिया तो चौकी शहजादपुर में लिखित सूचना दिया काफी खोजबीन के बाद ई रिक्शा सैनी थाना क्षेत्र के गनपा गांव के बाहर खड़ा मिला लेकिन ई रिक्शा की बैटरी चोर खोल ले गए

### मोबाइल छीनकर उचक्के हुए फरार

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेन्दा गांव का रितेश कुमार कुशवाहा मंगलवार की सुबह 4 बजे गंगा स्नान करने जा रहा था जैसे ही वह एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भगवतपुर मोड़ से कुछ आगे बढ़ा बाइक सवार तीन युवकों ने उसका मोबाइल छीन लिया है अचानक कोई घटना से व्यक्तिगत अचम्भित रह गया मामले की सूचना एयरपोर्ट थाना को दी गई है।

## संपादक की कलम से

# भारत की सामासिक संस्कृति और हिंदी

**ऋषभदेव शर्मा**

**भारतीय** संविधान में प्रस्तुत भारत की भाषानीति बहुत स्पष्ट और उदार है। इसमें भारत की बहुभाषिकता और सामासिक संस्कृति का पूर्ण सम्मान ध्वनित होता है। विशेषत: हिंदी भाषा के प्रचार और विकास पर केंद्रित अनुच्छेद 351 भारत के भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य में बेहद महत्वपूर्ण है। यह अनुच्छेद पूरे भारत में हिंदी के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए एक समावेशी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। अनुच्छेद 351 के महत्व को समझने के लिए भारत की भाषाई विविधता पर विचार करना आवश्यक है। भारत 19,000 से अधिक मातृभाषाओं/बोलियों वाला एक बहुभाषी राष्ट्र है। संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकृत, देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी, भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 'राष्ट्र की भाषाओं' में से एक होने के साथ ही सदियों से इस महादेश की 'संपर्क भाषा' है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसे देशभर की जनता और जननेताओं में 'राष्ट्रभाषा' का स्थान दिया। भले ही संविधान में 'राष्ट्रभाषा' का अलग से उल्लेख न हो, लेकिन अनुच्छेद 351 में उसके जिस स्वरूप के विकास का निर्देश निहित है, उसका आधार राष्ट्रभाषा की सार्वदेशिक संकल्पना ही है। यह हिंदी को 'अक्षेत्रीय भाषा' के रूप में विकसित करने पर जोर देता है। इसलिए अब हिंदी किसी खास पट्टी की नहीं, बल्कि सारे भारत की भाषा है। अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी भाषा के प्रसार को बढ़ावा देना और इसे विकसित करना संघ का कर्तव्य होगा ताकि यह भारत की समग्र संस्कृति के सभी तत्वों के लिए अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में काम कर सके। यह प्रावधान एक ऐसी एकीकृत भाषा के रूप में हिंदी के महत्व को रेखांकित करता है जो देशव्यापी संचार की सुविधा प्रदान करती है और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है। यहाँ यह कहना भी जरूरी है कि भारतीय सामासिक संस्कृति का आईना बनने के लिए हिंदी में सभी भारतीय भाषाओं के उन बहुप्रचलित शब्दों को उदारता से स्वीकार करना जरूरी है जो इसमें सहजता से पच सकते हों। साथ ही, ऐसे तमाम शब्द भी हिंदी की शब्द-संपदा का हिस्सा बनने चाहिए, जो इस राष्ट्र के विभिन्न भाषासमाजों की क्षेत्रीय संस्कृति और निजता की पहचान हैं। यदि कुछ समान-स्रोतीय शब्दों के अर्थ हिंदी और अन्य भाषाओं में अलग-अलग हैं, तो उन भिन्न-भिन्न अर्थों को भी हिंदी में स्वीकार किया जाना चाहिए। एक भाषा में एक शब्द के एकाधिक अर्थ भी तो होते हैं न? तो फिर 'उपन्यास' को साहित्य की एक विशेष विधा और भाषण दोनों अर्थों में क्यों स्वीकार नहीं किया जा सकता? वैसे भी अर्थ की समझ शब्दकोश पर नहीं, व्यवहार/प्रयोग पर निर्भर करती है। हिंदी को बढ़ावा देते समय, इसके महत्व को स्वीकार करने और भाषाई विविधता का सम्मान करने के बीच संतुलन बनाना अनिवार्य है। भारत की भाषाई विविधता एक अद्वितीय सांस्कृतिक संपत्ति है, और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हिंदी अन्य भाषाओं और उनमें निहित संस्कृति को साथ लेकर चले। तभी हम कह सकेंगे कि हिंदी केवल उन लोगों की नहीं जो उसे मातृभाषा के रूप में प्राप्त करते हैं, बल्कि सारे भारत और भारतवासियों की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक पहचान की भाषा है। हिंदी के प्रचार-प्रसार का सबसे प्रभावी तरीका शिक्षा प्रणाली है। भारत भर के स्कूलों में हिंदी को क्षेत्रीय अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पहली, दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में प्रोत्साहित करने से इसे व्यापक रूप से अपनाने में मदद मिल सकती है। हिंदी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र बोली जाने वाली और लिखित हिंदी दोनों में पारंगत हों। इसके साथ-साथ, क्षेत्रीय भाषाओं का संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। छात्रों को अपनी क्षेत्रीय भाषा और हिंदी दोनों सीखने के लिए प्रेरित किया जाए। हिंदी मातृभाषी छात्र भी अनिवार्य रूप से कम से कम एक हिंदीतर भाषा अवश्य सीखें। इससे हिंदी के प्रसार में सुविधा होगी और भाषाई विविधता का सम्मान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

हिंदी को बढ़ावा देना भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ चलना चाहिए। हिंदी साहित्य, कला और मीडिया भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हिंदी में क्षेत्रीय विविधता को दर्शाने वाली सांस्कृतिक सामग्री के उत्पादन और प्रसार को प्रोत्साहित करने से इसकी अपील बढ़ सकती है। अंतत: सबसे जरूरी है कि समस्त आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी साहित्य से हिंदी को समृद्ध किया जाए। डिजिटल युग में, इंटरनेट और प्रौद्योगिकी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए शक्तिशाली उपकरण हो सकते हैं। हिंदी भाषा की वेबसाइटें, एप्लिकेशन और डिजिटल सामग्री विकसित करने से हिंदी को युवा पीढ़ी के लिए अधिक सुलभ और आकर्षक बनाया जा सकता है। इससे वह कंप्यूटर-दोस्त और बाजार-दोस्त भाषा के साथ ही रोजगार दिलाने वाली भाषा भी बन सकेगी। इसी के साथ आप सबको हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!

# कम्प्यूटर चीन (अवैध अस्तित्व )

## वर्तमान वामपंथी चीन पर रोचक पुस्तक

**समीक्षक**
**भूपेन्द्र भारतीय**




**आज** भले चीन दुनिया में अपने अजीबोगरीब उत्पादों व वस्तुओं के कारण चर्चित रहता है। लेकिन वास्तव में इतिहास की गहराई में जाकर देखा जाए तो वर्तमान चीन एक अवैध अस्तित्व वाला देश है। इसी बात को प्रमाणित तथ्यों के साथ प्रो. कुसुमलता केडिया ने अपनी पुस्तक ह्वकम्युनिस्ट चीन अवैध अस्तित्व" में विस्तार से बताया है। पुस्तक के परिचय के रूप में आमुख शीर्षक में ही इस पुस्तक का पूर्ण परिचय व इसकी विषय वस्तु स्पष्ट है। 22 अध्यायों के माध्यम से लेखिका ने इस पुस्तक में चीन की विस्तारवादी कूटनीति व उसकी राजनीति व शासन में चीनी वामपंथियों की घुसपैठ पर सविस्तार लिखा। जिसे हम चीन कहते हैं उसे चीन स्वयं झुआंगहुआ कहता है। ?वर्तमान के विशाल भौगोलिक क्षेत्रवाले चीन का निर्माण मुख्यतः सोवियत संघ तथा अन्य पश्चिमी देशों के अनुग्रह, हस्तक्षेप और प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग के कारण ही हुआ है। रोचक यह है कि यह चीन न होकर कम्युनिस्ट चीन है। पारंपरिक चीन को बाहरी शक्तियों से कभी भी ऐसी व्यापक और प्रभावकारी सहायता नहीं मिलती। इस मुख्य बात को यहां इस पुस्तक में प्रमुखता से विभिन्न संदर्भों व लेखकों की पुस्तक के माध्यम से अलग अलग अध्यायों में स्पष्ट बताया गया। पुस्तक एक बात ओर प्रमुखता से कहती है कि ? सन 1954 तक चीन में उसके प्राचीन इतिहास का कोई प्रामाणिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं था। जब माओ जे दुंग ने सोवियत संघ के अनुसरण में सैन्य प्रौद्योगिकी का विस्तार करते हुए भवन निर्माण के लिए जगह-जगह खुदाइयाँ शुरू की, तब उसे पहली बार हूनान प्रांत में एक बड़ा पुरातात्विक क्षेत्र मिला, जिसके आधार पर चीनी सभ्यता की प्राचीनता की बात प्रचारित की गई। वास्तव में इस पुस्तक के माध्यम से लेखिका ने बताया है कि वर्तमान चीन एक कब्जा किया हुआ क्षेत्र है। वर्तमान में दुनिया के अधिकांश देशों व बुद्धिजीवीयों को पता है कि चीन का करीब 23 देशों से सीमा विवाद है। वर्तमान चीन का अधिकांश भाग उसने अपने पड़ोसी देशों से जबरन कब्जा किया हुआ है। और इस सबके पीछे पश्चिमी ताकतें व वामपंथी विचारधारा सबसे प्रमुख कारण है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्तमान कम्युनिस्ट चीन अपने वर्तमान अवैध अस्तित्व का आकार लेना शुरू हो गया था। वामपंथियों , पश्चिमी ताकतों, पादरियों , रूसी सत्ता व भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सहारे कम्युनिस्ट चीन अपनी विस्तारवाद की कूटनीति पर अपने पड़ोसी देशों की सीमाओं पर अवैध कब्जा करता गया। लेखिका पुस्तक के पहले ही अध्याय के पृष्ठ 16 में लिखती है कि ह्वनेहरू द्वारा माओ जे दुंग या माओ त्से तुंग की कम्युनिस्ट पार्टी का कब्जा तिब्बत पर करा देने के बाद से पहली बार कम्युनिस्ट चीन भारत का पड़ोसी बना है ह्व इससे पहले कभी चीन भारत का पड़ोसी नहीं रहा। बल्कि चीन महाभारत काल में भारत के एक जनपद का ही सिर्फ भाग था। वह भी सुदुर प्रशांत महासागर क्षेत्र से लगा हुआ था व क्षेत्रफल में बहुत कम था।

इसी बात को पुस्तक में ओर विस्तार से बताते हुए लेखिका ने लिखा है कि ?वर्तमान कम्युनिस्ट चीन के 28 प्रांतों में से, जैसा कि जॉन की बताते हैं पाँच प्रांत ही मूल चीनी भूमि हैं- हेनान, हेबेई, शांक्सी, शेक्सी और शानदांग। 23 प्रांत 20वीं सदी के उत्तरार्ध में इंग्लैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के संरक्षण में कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र हैं। पुस्तक के अध्याय 2 में पादरी सैमुअल बील और जोसफ नीडम की चीन में भूमिका पर विस्तार से लिखा गया है और साथ ही बताया गया है कि कैसे पश्चिमी पादरियों ने मूल चीन के भोले भाले लोगों का मतांतरण किया। वहां पर इंग्लैंड की कंपनियों ने वहां के लोगों को अफीम के अवैध धंधे में उतार दिया व उन्हें अफीमची बना दिया। वर्तमान में जो भारत के मणिपुर व अन्य हिस्सों में इन्हें वामपंथियों द्वारा अफीम के माध्यम से विवाद खड़ा कर रखा है। भेद फैलाने और जासूसी करने तथा झूठ फैलाने में इंग्लैंड के अनेक पादरी अग्रणी रहे हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाता है। इन्हीं लोगों व इनकी विचारधारा वाले लोगों ने 1950 के बाद कम्युनिस्ट चीन का दुनिया के सामने बढ़ा चढ़ाकर प्रचार प्रसार किया व उसे आर्थिक रूप से विकसित देश बताने के लिए किसी भी तरह के आंकड़ों का सहारा लिया। वहीं वर्तमान चीन की हर विस्तारवादी नीति को विश्व पटल पर सही ठहराने के लिए विमर्श गढ़े गए। पुस्तक में चीन के इतिहास पर फाहयान व शुंग युन के समय पर भी प्रकाश डाला गया है। उस समय के चीन व वर्तमान चीन में कितना अंतर है यह पुस्तक में स्पष्ट लिखा गया है। भारत का चीन से संबंध व इतिहास में चीन की क्या स्थिति थी। वह भारत के सामने कहीं नहीं ठहरता था। चीन वर्तमान में जितना बड़ा क्षेत्रफल वाला देश है वह पहले कभी नहीं रहा था, निरंतर बदलती रही हैं चीन की सीमाएँ। तुर्को, मंगोलों, मांचुओं, तिब्बतियों और जापानियों ने चीन को एक-एक कर अपने अधीन रखा। और अंत में रूस ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार चीन को एक महान कम्युनिस्ट ? नेशन स्टेट की तरह प्रचारित किया। इसका कारण यह था कि सोवियत संघ का आसपास कोई साथी नहीं था और उसे कम्युनिस्ट चीन के रूप में एक शक्तिशाली साथी दिखा। माओ त्से तुंग ने चीन की परंपरागत संस्कृति को नष्ट करने का एक महाअभियान चलाया और कई लाख चीनियों को मौत के घाट उतार दिया। अंत में चीन के भीतर ही एक कई तरह के विद्रोह हो गए और सैन्य बल से कम्युनिस्ट पार्टी उन्हें कुचलती रही । इस प्रकार वर्तमान चीन पर कम्युनिस्टों का कब्जा है, जो किसी भी अर्थ में चीन की परंपरागत संस्कृति से संबंध नहीं रखता। आखिर क्या कारण थे कि बाहरी शक्तियों ने वर्तमान चीन का आकार गढ़ने में सहयोग किया ? मैं यहां समीक्षा में इसका खुलासा कर दूंगा तो पाठक की पुस्तक के प्रति जिज्ञासा कम हो सकती है। यहां इस पुस्तक में विस्तार से बताया गया है जिससे पाठक वर्तमान चीन की बनावट को आसानी से समझ जाएंगे व यह भी समझेंगे की पश्चिमी देशों व रूस को इससे कितना लाभ हुआ व भारत को पीछले सात दशकों में कितना बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। जिसके पीछे जवाहरलाल नेहरू की अतिविश्वास भरी व अव्यवहारिक विदेश नीति जिम्मेदार रही है। ऐसा लेखिका ने अपनी इस पुस्तक में कितनी ही जगह प्रमाण सहित स्पष्ट किया है। कुल मिलाकर इस पुस्तक के बारे में एक आम पाठक की तरह ही मेरी यह राय है कि यह पुस्तक व इसकी लेखिका अपने विषय के साथ पूर्ण न्याय करती है। कहीं कहीं कुछ तथ्यों व घटनाओं का दोहराव हुआ है लेकिन वह भी अध्याय को स्पष्ट करने के लिए। साथ ही यदि पुस्तक के अंत में संदर्भ सूची होती तो पुस्तक ओर ज्यादा प्रमाणिक होती तथा आगे पाठक इस विषय पर विस्तार से पढ़ना व जानना चाहता तो उसे सुविधा रहती। फिर भी पुस्तक कम्युनिस्ट( वामपंथी) विचारधारा, इंग्लैंड व अमेरिका के पादरियों की करतूतों, पश्चिमी देशों की दुनिया में दादागिरी, अपने व्यापार व हितों के लिए अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे देशों की नीतियों व मानवता पर क्रुरताओ का यह एक अच्छा दस्तावेज है।

ईसाइयत के प्रचार प्रसार के लिए पादरी किस हद तक जा सकते हैं, पाठक जब यह किताब पढ़ेगा तो उसे इस विषय पर विस्तार से जानने-समझने को मिलेगा। किसने चीन को भारत का पड़ोसी बनाया, तिब्बत पर चीन का कब्जा, नेहरू की गलत विदेश नीति, भारतीय सीमा पर चीन का कूटनीतिक कुचक्र , कैसे वर्तमान चीन में मुसलमानों को दबाकर रखा गया है और बाकी दुनिया के मुसलमान इसपर क्यों चुप्पी साधे हुए हैं, कम्युनिस्ट छाया में भारत-चीन संबंध आदि विषयों पर यहां इस पुस्तक में विस्तार से पढ़ने के लिए है।

लेखिका अंत में कहती है कि भारत की लड़ाई मूल( वास्तविक) चीन से नहीं है, हमारी लड़ाई तो कम्युनिस्ट चीन से है। जो कि एक अवैध अस्तित्व व कम्युनिस्टों के हित साधने का राजनीतिक अखाड़ा है। जिस तरह से 1991 में सोवियत क्षेत्र से कम्युनिस्ट साम्राज्यवाद समाप्त हो गया, उसी तरह से कम्युनिस्ट चीन से भी तिब्बतियों, मंगोलों, मांचुओं, तुर्को और हानो की मुक्ति आवश्यक है। वहीं इसमें भारत की क्या भूमिका है इस पर भी प्रकाश डाला गया है। वर्तमान में जो कम्युनिस्ट चीन है वह अपना वास्तविक इतिहास तक भी नहीं जानता है वह अब भी दंत कथाओं के आधार पर ही इतिहास लिखता , बताता व गढ़ता रहा है। उसका एक दिन सोवियत रूस की तरह विघटन होना ही है। क्योंकि जिस देश की पृष्ठभूमि ही अवैध अस्तित्व पर टिकी वह लंबे समय तक एक संपूर्ण राष्ट्र नहीं रह सकता है। अंत में लेखिका की ही बात से मैं अपनी इस पुस्तक समीक्षा को विराम देना चाहुंगा, ह्ववस्तुतः चीन कोई नेशन स्टेट नहीं है, अपितु आपस में युद्धरत अनेक राष्ट्रीयताओं का समुच्चय है और वहाँ भीतरी झगड़े भयंकर रूप से चल रहे हैं और पूरा क्षेत्र कम्युनिस्ट पार्टी का उपनिवेश बना हुआ है। माओ त्से तुंग ने 9 करोड़ से अधिक चीनियों की हत्या कर एक आतंककारी शासन स्थापित किया, परंतु चीन भीतर से धधक रहा है और द्रवणशील स्थिति में है, क्योंकि इतिहास में कभी भी वह नेशन स्टेट रहा ही नहीं है ह्व

**पुस्तक : कम्युनिस्ट चीन अवैध अस्तित्व**
**लेखक: कुसुमलता केडिया**
**प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन**
**मूल्य : 300**

# बहुत समृद्ध भाषा है हिन्दी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत** की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दशार्ता है। पिछले 70 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें। किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अत: हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है।

हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है।

हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है।

बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं।

आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो।

हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।

# लोकतंत्र में श्राप का क्या काम?

**भोपाल से** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा ठाकुर, फिर से श्राप देती नजर आ रही हैं। इस बार वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि पर बरस पड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में सनातन धर्म को मलेरिया और कोरोना के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा था कि ये जितनी जल्दी नष्ट हो जायें उतना ही अच्छा। मंगलवार को भोपाल की भेल (बीएचईएल) कंपनी के गेट पर वेतन वृद्धि की मांग पर कर रहे ठेका श्रमिकों का अनशन खत्म करवाने पहुंची थीं। अपने भाषण में उन्होंने जूनियर स्टालिन के बयान को अभद्र तो बताया ही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मटन बनाये जाने पर उन्हें विधर्मी भी करार दिया। प्रज्ञा ने कहा कि, 'ये लोग (राहुल) कुछ भी कर सकते हैं- जनेऊ व तिलक लगा लेते हैं तो क्रॉस भी पहन सकते हैं। उनका गुस्सा यहीं तक नहीं ठहरा।' उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला को कहा कि 'वे कहां के तोपचंद हैं जो किसी को श्राप देंगे?' सुरजेवाला ने भाजपा के मतदाताओं को 'राक्षसी प्रवृत्ति का' बतलाया था। उदयनिधि के बयान के बाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता ए राजा ने सनातन को कुष्ठ रोग व एड्स जैसा बतला दिया। एक्टर प्रकाश राज ने भी सनातन धर्म की तुलना डेंगू से कर दी थी। इन सभी को एकमुश्त श्राप देते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि 'प्रकाश राज नायक नहीं, खलनायक हैं।' उनका कहना था कि 'जिसे यह नहीं पता कि वह कहां रहता है और किसके खिलाफ बोल रहा है, वह खलनाक ही हो सकता है।' आगे उन्होंने यह भी कहा कि 'जिसने सनातन धर्म को जैसा कहा, वह वैसा ही भोगे। जिसने इस धर्म को डेंगू कहा उसे डेंगू मिले, जिसने मलेरिया कहा उसे वही मिले और जिसने उसे कुष्ठ रोग कहा उसे भी वही प्राप्त हो।' उन्होंने इन सभी बयान देने वालों को उनके द्वारा उल्लेखित बीमारियां भरपूर मिलने की बात कही। प्रज्ञा ठाकुर द्वारा इस प्रकार किसी को श्राप देने का मामला पहला नहीं है। मालेगांव बम विस्फोट कांड की आरोपी प्रज्ञा ने महाराष्ट्र पुलिस के विशेष जांच दल प्रमुख हेमन्त करकरे के बारे में 2019 में बयान दिया था कि उनकी (करकरे) मौत इसलिये हुई थी क्योंकि उन्होंने करकरे को श्राप दिया था।

# राजस्थान चुनाव में आप-आरएलपी-बसपा के उतरने से किसका बिगड़ेगा 'खेल'?

**अशोक भाटिया**

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल बढ़ गई है। सत्ताधारी कांग्रेस ने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है तो वहीं अब बहुजन समाज पार्टी , अरविन्द केजरीवाल की आप पार्टी और हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी एक्टिव मोड में आ गई है। बसपा ने राजस्थान चुनाव में 200 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया है। बसपा के नेशनल कन्वेनर आकाश आनंद ने 16 अगस्त को धौलपुर से शुरू हुई संकल्प यात्रा के समापन अवसर पर ऐलान किया था कि पार्टी 200 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने ये भी कहा था कि हमने पूरी ताकत के साथ राजस्थान चुनाव में जाने का मन बना लिया है। पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान पहले ही किया जा चुका है। आकाश आनंद ने कांग्रेस सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जमकर हमला बोला तो साथ ही भाजपा को भी निशाने पर ले रखा है । दूसरी तरफ, हनुमान बेनीवाल ने भी साफ किया है कि हम न तो कांग्रेस और ना ही भाजपा , दोनों में से किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। आरएलपी अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। बसपा के 200 सौ सीटों पर उम्मीदवार उतारने के ऐलान और बेनीवाल के एकला चलो के नारे व अरविन्द केजरीवाल की आम पार्टी के चुनाव मैदान में कूदने से किसे नफा होगा और किसे नुकसान? अब ये सवाल उठने लगे हैं। इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले इन पार्टियों का वोट बेस अब ये सवाल उठने लगे हैं। इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले इन पार्टियों का वोट बेस क्या है और किस इलाके में ये मजबूत हैं?

उत्तर प्रदेश की पार्टी मानी जाने वाली मायावती की बसपा की जड़ें राजस्थान में भी गहरी हैं। दलित वोट बेस वाली बसपा ने 1998 के राजस्थान चुनाव में पहली बार दो सीटें जीतकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। तब बसपा का वोट शेयर भी 2.2 फीसदी रहा था। तब से लेकर अब तक हर विधानसभा चुनाव में बसपा दो या दो से अधिक सीटें जीतती रही है। पूर्वी राजस्थान में बसपा मजबूत रही है। भरतपुर, धौलपुर, अलवर, सवाई माधोपुर और करौली जिलों में बसपा की जड़ें गहरी हैं तो झुंझुनू और चूरु से भी पार्टी के विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचते रहे हैं। सपा को 2018 चुनाव में चार फीसदी वोट शेयर के साथ छह सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, सभी विधायक पार्टी छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2013 चुनाव में बसपा ने 3.4 फीसदी वोट शेयर के साथ तीन, 2008 में 7.6 फीसदी वोट शेयर के साथ छह और 2003 में चार फीसदी वोट शेयर के साथ दो सीटें जीती थीं। 2003 के बाद का चुनावी इतिहास देखें तो बसपा ने जब-जब छह सीटें जीती हैं, राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी है। हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी का बेस वोटर जाट है। राजस्थान के जाटलैंड यानी मेवाड़ इलाके की 60 सीटों पर आरएलपी भाजपा और कांग्रेस का खेल खराब कर सकती है। नागौर, सीकर, झुंझुनू, भरतपुर और जोधपुर में जाट मतदाताओं की अच्छी तादाद है। बाड़मेर, राजसमंद, जालौर, पाली और अजमेर की कुछ सीटों पर भी आरएलपी का अच्छा प्रभाव माना जाता है। राजस्थान के पिछले चुनाव यानी 2018 की बात करें तो बेनीवाल की पार्टी ने 58 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। विधानसभा चुनाव कार्यक्रम का ऐलान होने के बाद अस्तित्व में आई नई नवेली पार्टी ने 2.4 फीसदी वोट शेयर के साथ तीन सीटों पर जीत हासिल की थी। बेनीवाल की पार्टी दो सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी जबकि 24 सीटें ऐसी थीं जहां आरएलपी उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे थे। पार्टी को कुल मिलाकर 8 लाख 56 हजार 38 वोट मिले थे । वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार कहते हैं कि दलित में जाटव वोट बसपा के साथ रहा है। बसपा 1998 के बाद से ही अपना वोट शेयर एक हद तक मेंटेन रखने में सफल रही है। आरएलपी की बात है तो उसके चुनाव मैदान में आने से भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही दलों के लिए अगर-मगर की स्थिति बन गई है। जाट वोटर कांग्रेस के साथ रहे हैं जिनके छिटकने का खतरा है। पिछले चुनाव की बात करें तो पिछले चुनाव में कांग्रेस बहुमत के करीब पहुंचकर ठिठक गई तो इसके लिए बेनीवाल की पार्टी को ही वजह बताया गया। जाट परंपरागत रूप से कांग्रेस के वोटर रहे हैं। बेनीवाल के आ जाने से जाट वोट बैंक में सेंध लग गई। अब दूसरा पहलू ये भी है कि सरकार के कामकाज से असंतुष्ट वोटों का बिखराव हो सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इसका सीधा लाभ दूसरी पार्टी को मिल सकता है। क्योकि कांग्रेस के लिए अंतर्कलह अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

कांग्रेस की अंतर्कलह स्क्रीनिंग कमेटी की वन-टू-वन बैठक के दौरान भी खुलकर सामने आई। स्क्रीनिंग कमेटी के प्रमुख गौरव गोगोई ने अजमेर, बीकानेर, सीकर और जयपुर डिवीजन की विधानसभा सीटों से टिकट मांग रहे नेताओं को बुलाया था। स्क्रीनिंग कमेटी एक-एक नेता से इसे लेकर बात कर रही थी कि उन्हें टिकट क्यों दिया जाए। इसी दौरान बाहर चाकसू विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता विधायक विनोद सोलंकी को टिकट नहीं दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इसकी खबर पाकर सोलंकी समर्थक भी पहुंच गए और दोनों गुटों में भिड़ंत हो गई।

बसपा और आरएलपी के आलावा अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी ने भी राजस्थान की 200 सीटों पर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है । हालाँकि आप पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और इंडिया गठबंधन में सीटों का बटवारा अभी तक नहीं हुआ है पर यदि आप पार्टी अकेले चुनाव लड़ती है तो वह बसपा और आरएलपी से ज्यादा भारी पड़ेगी क्योकि वह राष्ट्रिय दल है व दिल्ली तथा पंजाब में उसकी सरकार है जिसका असर वोटरों पर पड़ेगा । आम आदमी पार्टी ने कहा कि बांटो और राज करो की राजनीति के कारण भाजपा राजस्थान में जीत रही थी ।

# मफतलाल की 100वीं वर्षगांठ पर आदिवासी जनकल्याण में हुआ स्वास्थ्य कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परम पूज्य संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की कर्मस्थली श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड ने ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी पर स्मृति में आदिवासी जनकल्याण स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ सतना जिलाधिकारी अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, श्री सद्गुरु सेवा संघ के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन, ट्रस्टी डा इलेश जैन ने दीप जलाकर गुरु पूजन कर किया।

बुधवार को शुभारंभ पर आये जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक का डा बीके जैन एवं डा इलेश जैन ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के बारे में ट्रस्टी एवं प्रशासक डा इलेश जैन ने बताया कि ये कार्यक्रम अरविंद भाई मफतलाल के शताब्दी वर्ष पर ट्रस्ट ने चित्रकूट क्षेत्र के दो ग्रामीण पड़हा एवं इंद्रानगर गांव को आदिवासी जनकल्याण स्वास्थ्य के तहत चिन्हित किया है। चिन्हित गांव के सभी लोगो को स्वास्थ्य सेवायें देनी है। ग्रामीण आदिवासियों के सभी लोगो को अंधत्व एवं स्वास्थ्य संबंधित रोगों के बारे में जागरूक करना एवं निदान करना है। चिन्हित ग्रामीणों एवं आदिवासियों की जनसंख्या 12 सौ है। इसके तहत दोनो गांव के ग्रामीणों को निः शुल्क चश्मा, सर्जरी, स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज किया जाएगा।



ये कार्यक्रम 31 मार्च तक चलेगा। पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। ये बहुत खुशी की बात है कि कोई फिक्र करने वाले लोग घर आ गए है और फिक्र ही नही समस्या निदान भी करेंगे। जिलाधिकारी सतना अनुराग वर्मा ने कहा कि ये बहुत अच्छा काम ट्रस्ट करने जा रहा है। दोनो गांवों के ग्रामीणों को स्वास्थ लाभ मिलेगा। ट्रस्टी डा बीके जैन ने अतिथियों का आभार जताते हुए सेठ अरविंद भाई मफतलाल के बारे में रोशनी डाली। अंत में स्वास्थ्य परीक्षण में लगे टीम वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। ये कार्यक्रम जिला प्रशासन सतना की अगुवाई में हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पंचायत एवं अन्य सबंधित विभागों का भी सहयोग रहेगा। शुभारंभ पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## तीन के कब्जे से 68 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 68 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

बुधवार को थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा तजम्मुल करीम ने सिपाही जय सिंह के साथ अमर सिंह पुत्र दयाराम आरख निवासी कर्का पड़रिया के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा सुशीलचन्द्र निगम ने सिपाही होलिकेन्द्र के साथ रामभवन पुत्र रामसजीवन कोल निवासी कर्का पड़रिया के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा विनय विक्रम सिंह ने सिपाही मोहित यादव के साथ प्रहलाद वर्मा पुत्र किशोरीलाल वर्मा निवासी हल्दी थाना बरगढ़ को तीस क्वार्ट देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। शराब बरामदगी की बाबत तीनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है।

## आनर किलिंग मामले में हत्यारोपी ताऊ को उम्रकैद, जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शादी तय होने के बाद भी गांव के प्रेमी युवक के साथ भागने की घटना के बाद हुई आनर किलिंग मामले में दोष सिद्ध होने पर जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 13 हजार रुपये जुमार्ना से भी दंडित किया है।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि 31 जनवरी 2020 को ओरा गांव के गया प्रसाद ने पहाड़ी थाने में अपने बड़े भाई चुन्नू के विरुद्ध रिपोर्ट लिखायी थी कि उसने अपनी बेटी आशा उर्फ निराशा देवी की शादी विजयीपुर खागा फतेहपुर में तय की थी, लेकिन निराशा वहां शादी नहीं करना चाहती थी। वह गांव के ही एक युवक के साथ 26 जनवरी 2020 को भाग गई थी। गया प्रसाद के बड़े भाई चुन्नू ने निराशा को समझाने के प्रयास किये, किंतु जिद पर अड़े रहने से चुन्नू ने 31 जनवरी 2020 को सवेरे घर में ही निराशा देवी को मौत के घाट उतार दिया।

पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को तमंचा समेत गिरफ्तार किया था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने दोष सिद्ध होने पर मृतका के ताऊ चुन्नू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 13 हजार रुपये के जुमार्ना से भी दंडित किया।

## भरतकूप पुलिस ने खनिज अधिकारी के हमलावर को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल की टीम ने खनिज अधिकारी पर हमला करने वाले विमलेश मिश्रा पुत्र उमाशंकर निवासी कोबरा थाना रैपुरा को दबोचा है।

ज्ञात है कि 1-2 सितम्बर की रात खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह खनिज लदे वाहनों की जांच कर रहे थे। एक ट्रक बिना नम्बर व बिना रवन्ना के पकड़ा गया। क्षुब्ध ट्रक ड्राइवर एवं ट्रक मालिक व एक स्विफ्ट डिजायर सवार तीन लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। इस बाबत भरतकूप थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। ट्रक चालक, ट्रक मालिक व स्कॉर्पियो सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज मामले की विवेचना दरोगा अजहर जमाल कर रहे हैं। आरोपी विमलेश मिश्रा को गिरफ्तार किया। छह सितम्बर को आरोपी अमित मिश्रा पुत्र रमाशंकर उर्फ छोटा निवासी कोबरा को जेल भेजा जा चुका है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। टीम में दरोगा अजहर जमाल, सिपाही लवलेश यादव शामिल रहे।

## औद्योगिक शहर बसने से जनता रहेगी योगी की ऋणी: अजीत सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** बुंदेलखंड में नोयडा से बड़ा औद्योगिक शहर बसाने की मंजूरी देने पर बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। अब बुंदेलखंड के पलायन पर रोक लगेगी और पिछड़े क्षेत्र के दिन बहुरेंगे। योगी सरकार के प्रति क्षेत्र की जनता हमेशा ऋणी रहेगी।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने बुंदेलखंड में औद्योगिक पहल की है। योगी सरकार ने नोयडा से लगभग एक हजार हेक्टेयर बड़े 14 हजार हेक्टेयर में बुंदेलखंड में औद्योगिक शहर बसाने को मंजूरी दी है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास की इबारत लिख दी है। झांसी-ग्वालियर मार्ग पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीड़ा) के नाम से नया औद्योगिक शहर बसाया जाएगा। अजीत सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड में सरकार की पहल से अब यहां से पलायन की समस्या निपटेगी। प्रतिवर्ष रोजगार की तलाश में लाखों बुंदेलखंडी युवा गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, मप्र समेत तमाम राज्यों में प्रस्थान करते हैं। बुंदेलखंड में ही अब औद्योगिक पहल होने से यहां के दिन बहुर जाएंगे। देशभर में पिछड़ेपन, गरीबी को लेकर बुंदेलखंड चर्चा में रहता था, अब यहां की पहचान औद्योगिक शहर से होगी।

# प्रिया मसाले के बृजेश त्रिपाठी ने बचाई युवक की जान

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने लिया एक्शन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पिता ने युवक को मरा हुआ समझ लिया था। हताश होकर घर में ले आया था। राम भरोसे घर में इलाज कर रहा था। उसके पास इलाज को फूटीकौडी नहीं बची थी। ये मामला है प्रयागराज में अभिषेक राजपूत के एक प्राइवेट अस्पताल में बायीं टांग काट दी गई थी। वह पिछले दिनों भरतकूप में सड़क हादसे का शिकार हो गया था। उसके दोनों पैर मे गंभीर चोट आई थी। इलाज को जिला अस्पताल चित्रकूट में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया था। सीएमएस डा सुधीर शर्मा ने बताया कि एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज प्रयागराज भेजा गया था, जहां उसका इलाज मुफ्त हो रहा था। अभिषेक के परिजन उसे स्वरूपरानी अस्पताल ले गए थे। उसे वहां भर्ती नहीं किया गया तो बीएचयू बनारस पहुंच गए। बनारस मे बेड न मिलने पर प्रयागराज लौट आए और एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने लगे। परिजनों ने कर्ज लेकर 5-6 लाख रुपए खर्च किये। पैसा खत्म होने पर अस्पताल ने भी इलाज से मनाकर दिया। निजी अस्पताल मे इंसानियत नाम की कोई चीज नही रह गई। अब इलात का कहीं बंदोबस्त न होने पर पिता संतोष राजपूत पुत्र को लेकर घर आ गए। सोचा कि जिये या मरे, क्या किया जाये। जबकि अभिषेक के कटे पैर मे पुनः सड़न पैदा हो गई थी। इस बीच प्रिया मसाले की फैक्ट्री मे कर्मचारी इस बारे में चर्चा कर रहे थे। डायरेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने सुना तो वे पिता संतोष राजपूत से मिलने पहुंच गये। केस हिस्ट्री देखकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से फोन पर बातचीत की। उनके सहायक ने डिप्टी सीएम से बात कराई।

लखनऊ से डिप्टी सीएम कार्यालय से जिला अस्पताल के सक्षम अधिकारियों के पास फोन आए। अभिषेक को जिला अस्पताल में पुनः भर्ती किया। उसी पैर की सड़न अब समाप्त हो चुकी है। जिला अस्पताल में अभिषेक का इलाज चल रहा है। अभिषेक ने बताया कि वह काफी स्वस्थ है। दाहिने पैर मे भी प्लास्टर बांधा जाएगा। डॉक्टर कह रहे हैं घाव भर जाए और बांये पैर की सड़न समाप्त हो चुकी है। खाना-पीना समय से अस्पताल की ओर से मिलता है। प्रिया मसाले के डायरेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि जितने सक्षम हैं किँ एकमुश्त 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है। आगे जो संभव होगा, किया जाएगा। प्रिया मसाले के डायरेक्टर बृजेश त्रिपाठी के प्रयास की सभी ने सराहना की है।

# समाजसेवियों को नेताओं ने किया सम्मानित

## राष्ट्रपति के आयुष्मान भवः का आनलाइन प्रसारण देखा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** देश की प्रथम नागरिक/भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली से ऑनलाइन बटन दबाकर किया। इसी क्रम में लाइव प्रसारण संयुक्त जिला चिकित्सालय में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार शर्मा समेत अन्य लोगों ने लाइव प्रसारण देखा।

बुधवार को सीएमओ ने कहा कि भारत सरकार की पहल पर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में 17 से दो अक्टूबर तक आयुष्मान भवः सेवा पखवाडा मनेगा। प्रधानमंत्री की इच्छा है कि किसी का बिना इलाज के मृत्यु न हो। कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां चलेंगी। जिला स्तर/ब्लाक/गांव स्तर पर कार्यक्रम होंगे। आयुष्मान भवः अभियान में सेवा पखवाडा आयुष्मान अर्बन वार्ड में भी गतिविधियां होंगी। आयुष्मान भवः के तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर व अंगदान का संकल्प लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला लगेगा। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि डॉक्टर की सेवा भाव से बड़ी कोई सेवा नहीं होती। सेवा को बेचना नहीं चाहिए, नियमित रूप से सेवा करें। रेड क्रॉस सचिव केशव शिवहरे, अजय अग्रवाल, शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक मनीष यादव, डॉ सीएन सिंह आदि को प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया।

# वेद मेडिकल स्टोर-आर्यन मशीनरी स्टोर में हुयी चोरी का खुलासा

## दो चोर के कब्जे से 21 सौ रुपये बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में कोतवाली कर्वी पुलिस ने वेद मेडिकल स्टोर व आर्यन मशीनरी स्टोर में हुयी चोरी का खुलासा कर एक आरोपी व एक बाल अपचारी को चोरी के 21 सौ रुपये समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि आठ सितम्बर को स्टेशन रोड कर्वी के धीरज कमार यादव पुत्र केशव प्रसाद यादव ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि 7-8 की रात्रि पटेल तिराहा स्थित वेद मेडिकल स्टोर से अज्ञात चोर दुकान का शटर तोड़कर गुल्लक में रखे 35 सौ रुपये व दुकान के सामने स्थित आर्यन मशीनरी स्टोर से 980 रुपये चोरी कर ले गये हैं। सूचना पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के खुलासे को कर्वी कोतवाल ने दरोगा रामाधार सिंह को मामला सौंपा। दरोगा रामाधार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर करन जाटव पुत्र स्व दुर्गेश कुमार निवासी लक्ष्मणपुरी व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से वेद मेडिकल स्टोर व आर्यन मशीनरी स्टोर से चोरी के 21 सौ रुपये बरामद हुए। दबोचे आरोपी व बाल अपचारी ने बताया कि 7-8 की रात पटेल तिराहा स्थित वेद मेडिकल स्टोर के बाहर सो रहे थे। बारिश हो रही थी। कोई आसपास नहीं था। इसी बीच उन दोनों ने लोहे की राड से वेद मेडिकल स्टोर का शटर तोड़ा। उसकी दुकान में रखे 2780 रुपये चोरी कर लिये। उसके बाद आर्यन मशीनरी स्टोर का शटर भी उसी लोहे की राड से तोड़कर वहां से 920 रुपये चोरी किये थे। दोनों ने पैसा आपस में बांट लिया था। उस दिन से खर्च करते आ रहे हैं। सिर्फ 2100 रुपये बचे हैं। आरोपी व बाल आरोपी के कब्जे से चोरी के रुपये बरामद कर माल बरामद की धारायें बढाई गईं। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही बहोरन यादव वशिवम राजपूत शामिल रहे।

## हापुड कांड को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन , सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील बार एसोसियेशन मानिकपुर ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम मानिकपुर को सौंपा।

बुधवार को तहसील मानिकपुर बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए कहा कि उप्र सरकार की पुलिस ने 29 अगस्त को हापुड के अधिवक्ताओं पर शान्तिपूर्वक धरने से लौटने पर निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया है। इसके विरोध में प्रदेश के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए पिछले कई ज्ञापनो से अवगत करा चुके हैं। सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई। बार काउसिल ऑफ उप्र प्रयागराज के आवाहन पर एक सितम्बर से लगातार न्यायिक कार्यों का अधिवक्ता बहिष्कार करते चले आ रहे हैं। मांगे मानी न गई तो विधानसभा के घेराव से लेकर आगामी लोकसभा चुनाव मे भी विरोध का असर दिखेगा।

घटना के बाद भी पुलिस के रवैये में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। लगातार अधिवक्ताओ पर अलग-अलग जिलों में पुलिस की निरंकुशता दिख रही है। अधिवक्ताओं ने मांग उठाई कि हापुड घटना में शामिल पुलिस कर्मियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। हापुड़ के पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी का तत्काल प्रभाव से तबादला किया जाए। उप्र में तत्काल प्रभाव से अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाये। हापुड घटना में घायल अधिवक्ताओ को मुआवजा दिया जाये।

## अधिवक्ताओं की लडाई में कांग्रेस आई आगे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं निर्देश पर लीगल सेल के जिलाध्यक्ष नीरू गुप्ता एड ने जिला बार एसोसिएशन को समर्थन पत्र जिला सचिव बार एसोसिएशन को सौंपा है।

बुधवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि विगत दिनों हापुड़ जिले में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। अभी तक पीड़ित अधिवक्ताओं की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की गई। प्रदेश की भाजपा सरकार में लोगों को न्याय दिलाने को संघर्षरत अधिवक्ताओं को स्वयं ही न्याय पाने को संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रदेश भर में अधिवक्ता हड़ताल पर हैं।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी प्रदेश भर के सभी अधिवक्ताओं से कहा है कि प्रदेश कांग्रेस इस लड़ाई में उनके साथ है। इस दौरान अजीत मिश्रा एड, चुनवाद प्रसाद एड आदि अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

## डेंगू-मलेरिया से बचाव को करायें छिडकाव: विधायक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि बारिश से शहरों एवं गांवों में मच्छरों के प्रकोप से तमाम समस्यायें हो रही हैं। डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियां बढ रही हैं। अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की तादाद बढ रही है, ये चिन्ता का विषय है।

बुधवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है। डेंगू से बचाव व मरीजों के इलाज को अस्पताल में अलग से व्यवस्था होनी चाहिए। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में डेंगू की दवाओं का नियमित छिडकाव कराया जाना अनिवार्य है, ताकि होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। पीडित मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधायें एवं दवायें दी जायें।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू-मलेरिया से बचाव को नियमित दवाओं का छिडकाव व इलाज को अलग से स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया करायें।

## सीआईसी के खिलाडियों को प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कृत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वषार्कालीन जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। बच्चों में खेल प्रतिभाओं को निखारने को देश से शिक्षा के साथ खेलकूद भी कराये जा रहे हैं, ताकि बच्चे बढ़-चढकर हिस्सा लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

बुधवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के छात्र जिला स्तरीय बालीबॉल, हॉकी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बाजी मारी। विजेता खिलाड़ी 17 सितंबर को खानकाह इंटर कॉलेज बांदा में मंडलीय हाकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जायेंगे। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी विजेता खिलाड़ी छात्राओं को पुरस्कार बांटकर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शरीर मजबूत होता है। इस मौके पर मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी, लालमन, शंकर यादव, भरत सिंह तोमर, डॉ रमेश सिंह चंदेल, रामवचन सिंह, प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे। क्रीडा अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह ने बताया कि बॉलीबॉल और हॉकी प्रतियोगिता में छात्र अंश सोनी व अंशु यादव, विनय साहू, शुभम, यश कुमार, यीशु सिंह व छात्रा आरती देवी, रिंकी, पूजा, रमा, लवली, गीता ने शानदार प्रदर्शन किया।

## दलदल से गुजर कर स्कूल जाते बच्चे: अनुज

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने बताया कि योगी सरकार नमामिगंगे के तहत हर घर जल योजना में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रही है। वर्षों पुरानी गांवों की सड़कों को तोड़कर पाइप डालकर ठेकेदार केवल मिट्टी डालकर लौट जाते हैं। इससे ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं।

बुधवार को सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने बताया कि कई गांवों में विभाग ने बड़े-बड़े गड्ढ खुले छोड़ रखे हैं। आये दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है। विभाग ने धन का बंदरबांट करने की गरज से आधे-अधूरे काम को पूरा दिखाकर भुगतान निकाल लिया है। किसी गांव में सड़क किनारे से पाइप डाला जा रहा है और किसी गांव में वर्षों पुरानी सीसी सड़क को तोड़कर बीच सड़क से पाइप डाली जा रही है। जिले के 60 फीसदी गांवों के सड़कों को विभाग ने बर्बाद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि बारिश होने के बाद दलदल होने से मासूम बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को आवागमन में भी परेशानी उठानी पड रही है। उन्होंने गांवों की पाइपलाइन डाली गई सडकों की मरम्मत जल्द कराने की मांग की है।

## हत्यारोपी तीन और आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की टीम ने एकराय होकर घेरकर मारपीट कर हत्या करने के तीन आरोपी और गिरफ्तार किये हैं।

ज्ञात है कि नौ सितम्बर को पहाडी थाने के चैरा गांव के मजरा सड का पुरवा की तुलसा पुत्री विजय बहादुर ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि विपक्षियों ने एकराय होकर लाठी-डंडा व बरछी से उसके पिता विजय बहादुर व चाचा भुजवल पुत्रगण निर्पत यादव को गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व बरछी से मारपीट कर पिता विजय बहादुर की हत्या कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थाने में हरीशचन्द्र आदि 15 लोग के खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी कल्लू पुत्र स्व जगमोहन, हरिशचन्द्र पुत्र स्व जगमोहन व जुगुल किशोर पुत्र वंशगोपाल निवासी चैरा को गिरफ्तार किया। इस मामले में आठ लोगों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर, दीवान श्यामकरन कुशवाहा, सिपाही आनन्द प्रताप सिंह, गुड्डू यादव, दिलीप कुमार व दीपक शामिल रहे।

## गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में इमरान खान की बढ़ी मुश्किलें, 26 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने बुधवार को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में इमरान खान की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी है। अदालत के इस आदेश से इमरान खान की जल्द जेल से बाहर आने की उम्मीदों को झटका लगा है। गोपनीय दस्तावेज लीक मामले की सुनवाई सुरक्षा कारणों से अटक जेल में ही हुई। सुनवाई के दौरान जज अब्दुल हसनत जुल्कारनैन ने इमरान खान की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में ही इमरान खान के करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी हिरासत में हैं। उनकी भी न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गई। यह जानकारी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने एक संक्षिप्त व्हॉट्सएप संदेश में दी है। बता दें कि इमरान खान पर आरोप है कि बीते साल एक रैली के दौरान इमरान खान ने सरकारी गोपनीय दस्तावेज लहराया था। हालांकि पूछताछ के दौरान इमरान खान ने जांच एजेंसियों के सामने कबूला है कि उनसे वह दस्तावेज गुम हो गया है। तोशाखाना मामले में इमरान खान बीती 5 अगस्त से पंजाब की अटक जेल में बंद हैं। 29 अगस्त को इस्लामाबाद हाईकोर्ट की दो सदस्यी पीठ ने इमरान खान की सजा को निलंबित करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि आदेश के बावजूद इमरान खान की रिहाई नहीं हो सकी क्योंकि गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में अदालत ने इमरान खान को जेल में ही रखने और 30 अगस्त को सुनवाई के दौरान पेश करने का आदेश दिया था। बता दें, इस मामले को सिफर मामले के नाम से भी जाना जाता है।

## तीन साल जेल में बंद रहने के बाद रिहा होगी इस खूंखार ड्रग माफिया की पत्नी

**वॉशिंगटन।** कुख्यात मैक्सिको के ड्रग माफिया जोआक्विन अल चापो गजमैन की पत्नी को अमेरिकी जेल से रिहा कर दिया गया है। पूर्व ब्यूटी क्वीन और अमेरिकी-मैक्सिको नागरिक एम्मा कोरोनेल ऐस्पुरो को साल 2021 में हेरोइन, कोकेन, मरिजुआना और मेथामफेटामीन वितरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यूएस ब्यूरो ऑफ प्रिजन रिकॉर्ड के अनुसार एम्मा को रेसिडेंशियल रीएंट्री मैनेजमेंट में रखा गया है। एम्मा को 30 मई को



टेक्सास के एफएमसी कार्सवेल से स्थानांतरित कर यहां लाया गया था। साल 2021 में उन्हें कई आरोपों के तहत आरोपी ठहराया गया था, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी तस्कर से नशीली पदार्थों की लेनदेन के आरोप भी शामिल थे। अभियोजकों ने चार साल की सजा की मांग की थी, लेकिन जिला कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाते हुए कहा कि एम्मा की भूमिका केवल इतनी है कि वह एक विशाल संगठन का एक छोटा सा हिस्सा है। एम्मा के वकील ने बताया, एम्मा जब नाबालिग थी, तब से यह सब शुरू हुआ था, उसकी शादी उससे तीन दशक बड़े व्यक्ति से करा दी गई थी। अल चापो और एम्मा की दो जुड़वा बेटियां हैं। एम्मा ने जज से अनुरोध किया कि उसे ऐसी सजा दी जाए जिससे वो अपनी नौ साल की बेटी को बड़े होते हुए देख सके। साल 2019 फरवरी में हत्या और नशीली दवाओं के आरोप में अल चापो अमेरिका में जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे मादक पदार्थों की तस्करी ऑपरेशन सिनालोआ कार्टेल चलाने का दोषी पाया गया था। सिनालोआ कार्टेल को दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी संगठनों में से एक के रूप में जाना जाता है।

## लीबिया में विनाशकारी बाढ़ से 5200 से ज्यादा मौतों की आशंका, 10 हजार लोग लापता

**लीबिया।** लीबिया में बाढ़ के चलते कई शहरों में तबाही मची हुई है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर डेरना शहर में हुआ है, जहां 700 लोग अब तक दफन हो चुके हैं। मृतकों की संख्या काफी अधिक हो सकती है, क्योंकि 10,000 लोग लापता हुए हैं। यहां बारिश-बाढ़ ने बांध तोड़ दिए और पड़ोसी क्षेत्रों को भी बहा डाला है। पूरे देश में अब तक 5,200 से ज्यादा मौतों की आशंका है।

भीषण बाढ़ के चलते बचाव दल शवों को नहीं खोज पा रहा है। लीबिया की पूर्वी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री उस्मान अब्दुल जलील ने कहा, हालात भयावह है। डेरना में घटनास्थल पर पहुंचे उस्मान अब्दुल जलील ने बताया कि शहर के विभिन्न अस्पताल शवों से अटे पड़े हैं। डेरना में कई शव अब भी या तो मलबे में हैं अथवा समुद्र में बह गए हैं।अधिकारियों का अनुमान है कि अकेले डेरना शहर में 2,300 लोग मारे गए होंगे। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के लीबिया के दूत टैमर रमदान ने कहा, अभूतपूर्व बाढ़ के बाद 10,000 लोग लापता हैं।

# वियतनाम की नौ मंजिला इमारत में भीषण आग, 50 से अधिक की मौत

**हनोई।** वियतनाम की राजधानी हनोई की एक नौ मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 50 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। इमारत से निकाले गए 70 लोगों में से 54 को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीती रात 11 बजकर 50 मिनट पर हनोई के थान जुआन क्षेत्र की एक बहुमंजिली इमारत तेज आग की चपेट में आई। बताया गया कि आग इमारत के पार्किंग फ्लोर में लगी और बाद में आग बहुत तेजी से पूरी इमारत में फैल गयी। आधी रात के समय जब आग लगी, उस समय अधिकांश लोग सो रहे थे। अचानक आग लगने से चीख पुकार मच गयी और लोगों को बचना मुश्किल हो गया। आग लगने के कारण कम से कम 50 लोगों की मौत हो चुकी है। कुल मिलाकर मृतक संख्या 50 के ऊपर पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है। मौके पर पहुंचे बचाव दल ने काम करना शुरू किया, किन्तु बचाव कार्य करने में भी समस्या आ रही है। दरअसल यह इमारत एक संकरी गली में है, इसलिए वहां दमकल गाड़ियां पहुंचने में भी समस्या हो रही थी।



हालात ये हो गए कि दमकल की गाड़ियों को 300 से 400 मीटर यानी 985 से 1,315 फीट दूर पार्क करना पड़ा। ऐसे में बचाव अभियान चलाना कठिन हो गया। आग इतनी भयावह थी कि आसपास दहशत का वातावरण बन गया। कई किलोमीटर दूर तक आग की लपटें देखी जा सकती थीं। जिस इमारत में आग लगी, उसमें 45 परिवार रहते थे। आग की चपेट में हर परिवार आया और वे भाग भी न सके। 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनी इस नौ मंजिल ऊंची इमारत में 150 लोग रहते हैं। खासे प्रयास कर बचाव दल ने 70 लोगों को इमारत से निकाला, जिनमें से 54 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से अधिकांश की हालत गंभीर बताई गई है। बचाव दल अब भी जिंदा बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उन्हें सोते समय धुएं का अहसास हुआ। उन्होंने जब बाहर देखा तो पता चला कि आग लगी है। आनन-फानन में रस्सी का इस्तेमाल कर परिवार के लोगों को नीचे उतारा, फिर भी सबको नहीं बचाया जा सका। एक अन्य ने कहा कि पांचवीं और छठी मंजिल पर आग की लपटों को जलते हुए देखा। लोग मदद के लिए चीख-पुकार कर रहे थे। तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

## रूस में हुई पुतिन और किम की मुलाकात, उत्तर कोरिया ने फिर दागी मिसाइल

**प्योंग्यांग/टोक्यो/मॉस्को।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की मुलाकात में दोनों देशों के रिश्तों में मजबूती का संकल्प व्यक्त किया गया है। इस मुलाकात के बीच ही उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागकर सैन्य शक्ति प्रदर्शन किया है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन इन दिनों रूस के दौरे पर हैं। वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने मॉस्को पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। पिछले चार सालों में यह किम जोंग उन की पहली रूस यात्रा है। किम जोंग उन ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के संबंधों के रणनितिक महत्व को प्रदर्शित करता है। उनकी यह यात्रा



उत्तर कोरिया और इसकी कम्युनिस्ट वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) के संबंधों के रणनीतिक महत्व को प्राथमिकता देने के लिए है। किम जोंग उन की रूस यात्रा के बीच उत्तर कोरिया ने एक और मिसाइल दागी है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। फिलहाल, इस मिसाइल के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। जापान के तटरक्षकों ने बताया कि उत्तर कोरिया की तरफ से दो मिसाइलें दागी गई, जो समुद्र में जाकर गिरीं। इससे पहले भी उत्तर कोरिया कई बैलिस्टिक मिसाइल दाग चुका है। उत्तर कोरिया ने वर्ष 2017 में परमाणु मिसाइल कार्यक्रम पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए इस साल कई मिसाइलें दागी हैं। वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से लगभग 100 मिसाइलें दागी जा चुकी हैं।

## चीन सीमा से लापता हुए नेपाली सेना के मेजर का शव 16 दिनों बाद बरामद

**काठमांडू।** चीन से सटे नेपाल के डोल्पा जिले से 16 दिन पहले लापता हुए नेपाली सेना के एक मेजर का शव मंगलवार को बरामद किया गया। डोल्पा के सैन्य बैरेक से बाजार की तरफ गए मेजर अपनी गाड़ी समेत अचानक लापता हो गए थे। उनका शव नदी के किनारे से बरामद किया गया। डोल्पा के डीएसपी शिव बुढाथोकी ने बताया कि भेरी नदी में मछली पकड़ने गए मछुआरों ने पुलिस कंट्रोल रूम को एक शव के नदी किनारे पड़े होने की सूचना दी। पुलिस टीम के साथ सेना के अधिकारियों ने घटनास्थल पर



पहुंचकर शव की पहचान सेना के मेजर विमल पंडित के रूप में की। पुलिस ने बताया कि उनकी मौत के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। नेपाली सेना के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए काठमांडू स्थित सैन्य अस्पताल भेजा गया है। सेना के मेजर रवि शाह ने बताया कि शव के बाएं हाथ की घड़ी और अंगूठी सहित सेना की वर्दी देख कर पहचान किया गया। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## यूएनजीए अध्यक्ष ने की भारत की प्रशंसा, जी-20 घोषणापत्र को बताया मोदी व उनकी टीम की कूटनीतिक दक्षता का प्रमाण

**संयुक्त राष्ट्र।** जी 20 घोषणापत्र की दुनिया के अलग-अलग देशों ने खुली प्रशंसा की है। इस कड़ी में अब संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस भी शामिल हो गए हैं। डेनिस फ्रांसिस का कहना है कि जी-20 घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी टीम की कूटनीतिक दक्षता का प्रमाण है। फ्रांसिस ने जी-20 शिखर सम्मेलन के भव्य आयोजन और इस सम्मेलन से निकले नतीजों के लिए भारत को बधाई दी है।

इसी माह 78वें सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र निकाय के अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाले डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि जी 20 के साझा बयान में कहा गया है कि हमें एकजुटता और सहयोग बनाए रखने की जरूर है। साथ ही हमें अपने समक्ष उत्पन्न चुनौतियों से निबटने के लिए एक दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी और उनकी टीम की दक्षता का प्रमाण है कि साझा बयान जारी करने के दौरान वे जी 20 को




एकमत रखने में पूरी तरह से सक्षम थे। उल्लेखनीय है कि भारत ने 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सहित सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने हिस्सा लिया। हालांकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एवं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्वयं इसमें शामिल होने की बजाय अपने प्रतिनिधियों को भेजा। इस सम्मेलन की अहम बात यह थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर साझा बयान पर सभी सदस्य देशों ने सहमति जताते हुए घोषणापत्र की प्रशंसा की।

## मेक इन इंडिया का उल्लेख कर पुतिन ने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मेक इन इंडिया कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीयों के बीच भारतीय उत्पादों के उपयोग व उत्पादन को प्रोत्साहित कर प्रधानमंत्री मोदी बिल्कुल सही कार्य कर रहे हैं।

रूस के बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में आयोजित 8वें पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि घरेलू स्तर पर निर्मित ऑटोमोबाइल का उपयोग किया जाना चाहिए।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पहले ही अपनी इस नीति के जरिये एक उदाहरण स्थापित कर चुका है। उन्होंने रूस में निर्मित कारों के संदर्भ में चर्चा करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में हमारे पास घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं लेकिन अब हमारे पास है। यह सच है कि वे मर्सिडीज या ऑडी की ज्यादातर भारत में बनी कारों व जहाजों के उत्पादन व उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



तुलना में काफी मामूली दिखती हैं जिन्हें हमने 1990 के दशक में बड़ी संख्या में खरीदा था लेकिन यह मुद्दा नहीं है। पुतिन ने कहा कि हमें भारत जैसे अपने साझेदारों से सीखना चाहिए जो प्रधानमंत्री मेड इन इंडिया ब्रांड का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारे पास भी वे वाहन उपलब्ध हैं और हमें इसका उपयोग करना चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र में दी जानकारी, भारत ने अफगानिस्तान को भेजी भरपूर मदद

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

की बात भी कही है।

यह भी जानकारी दी गयी कि




भारत ने अफगानिस्तान में 50 हजार मीट्रिक टन अनाज, 28 टन आपदा राहत पैकेज, 200 टन दवाइयां, वैक्सीन और अन्य मेडिकल आइटम भिजवाए हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान में 11 हजार यूनिट महिला स्वास्थ्य किट्स और कंबल भी अफगानिस्तान के महिला पुनर्वास केंद्रों को भेजे हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भी संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान के लोगों को मदद भेजने के लिए भारत की तारीफ की। दो साल पहले तालिबान ने फिर से अफगानिस्तान की सत्ता कब्जाई थी, उसके बाद से ही अफगानिस्तान मानवीय संकट का सामना कर रहा है। भारत, अफगान लोगों के लिए चिकित्सा और खाद्य सहायता सहित अन्य मानवीय सहायता की आपूर्ति कर रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि हमें इस साल की पहली छमाही में अफगानिस्तान में 1.6 करोड़ लोगों के लिए भोजन मिला है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भारत को उदार दानदाता बताकर आभार जताया और कहा कि भारत जैसे उदार दानदाताओं की मदद से ही अफगानिस्तान में लोगों को भोजन मिलना संभव हुआ है।

# अगले साल रूसी सीमा के पास होगा नाटो देशों का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'स्टीडफास्ट डिफेंडर'

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद स्थितियां नियंत्रण में न आने से परेशान उत्तर अटलांटिक सहयोग संगठन (नाटो) से जुड़े देशों ने अगले वर्ष की शुरुआत में रूसी सीमा के पास बड़ा युद्धाभ्यास करने का फैसला किया है। इस युद्धाभ्यास 'स्टीडफास्ट डिफेंडर' को शीत युद्ध के बाद सबसे बड़ा अभ्यास बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक अगले वर्ष फरवरी से मार्च के बीच प्रस्तावित यह युद्धाभ्यास रूसी सीमा के पास किया जाएगा। जर्मनी, पोलैंड व बाल्टिक सागर में प्रस्तावित युद्धाभ्यास में नाटो देशों के 41 हजार से अधिक सैनिक भाग लेंगे। इस दौरान भविष्य में किसी नाटो देश पर होने वाले रूसी हमले को विफल करने का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान नाटो देश अपनी तैयारी का आकलन करेंगे। इस अभ्यास को स्टीडफास्ट डिफेंडर नाम दिया गया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद नाटो के कई छोटे देश सहमे हुए हैं जिनमें से कुछ तो पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा रह चुके हैं। उन्हें रूस के हमले का डर सता रहा है। नाटो की कोशिश है कि खुद को एक युद्धक गठजोड़ के रूप में तैयार करे। इस अभ्यास के दौरान 500 से 700 हवाई युद्धक मिशन आयोजित किए जाएंगे। इसमें 50 से ज्यादा युद्धपोत और 41 हजार से ज्यादा सैनिक हिस्सा लेंगे। नाटो अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास को रूसी गठबंधन के हमले का जवाब देने के लिए डिजाइन किया गया है। नाटो अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास के दौरान दुनिया का रियल भौगोलिक डेटा इस्तेमाल किया जाएगा ताकि सैनिकों के लिए ज्यादा वास्तविक माहौल बनाया जा सके।